शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 116 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 22 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# ध्वस्त हुआ इंडी गठबंधन: पीएम मोदी

## पांचवें चरण में इंडी गठबंधन पूरी तरह परास्त हो चुका है: प्रधानमंत्री मोदी

**पूर्वी चंपारण**

जिला मुख्यालय मोतिहारी स्थित ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित एक चुनावी सभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपका ये उत्साह और आशीर्वाद दिखा रहा है कि छठे और सातवें चरण में देश में क्या होने वाला है।कल ही 5वें चरण का चुनाव पूरा हुआ है। पहले चरण में इंडी गठबंधन पस्त हो गया था, इसके बाद के चरणों में इंडी गठबंधन ध्वस्त हुआ और कल हुए पांचवें चरण में इंडी गठबंधन पूरी तरह परास्त हो चुका है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सत्ता में आने के पहले दिन ही बापू को पूरी तरह छोड़ दिया, बापू के आचार-विचार और बापू के आदर्शों को छोड़ दिया था। उन्होंने अपना सारा ध्यान सिर्फ और सिर्फ एक परिवार को आगे बढ़ाने पर लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में गरीब की पूछ तब शुरू हुई, जब गरीब का बेटा मोदी प्रधानसेवक के रूप में आपकी सेवा करने आया। उन्होने कहा कि पिछले 10 साल में मोदी का बहुत सारा समय पिछली सरकारों के गड्ढे भरने में निकल गया,जो काम 10 वर्षों में हुआ है, अब उससे ज्यादा काम अगले 5 वर्षों में होगा। ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि जब मोदी आया तो हर घर में शौचालय पहुंचा, बिजली पहुंची। ये मोदी है, जिसने हर घर में गैस पहुंचाने का बीड़ा उठाया, ये मोदी ही है जो हर घर तक नल से जल पहुंचाने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहा है। उन्होने कांग्रेस और राजद पर प्रहार करते कहा कि इन लोगो ने आपको सिर्फ ठगने का काम किया।60 वर्षों में इन लोगों ने अपने लिए बड़े-बड़े महल बनाएं। स्विस बैंक में अकाउंट खुलवाये।आपके पास पेट भरने को अन्न नहीं था, लेकिन इन लोगों की तिजोरियां और अलमारी नोटों की गड्डियों से भरती रही। आपके बच्चों के पास पढ़ने के लिए स्कूल नहीं था, लेकिन इनके बच्चे विदेशों में जाकर पढ़ते रहे। गरीब परेशानी और मुश्किल में था, लेकिन इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता था। उन्होने राहुल गांधी पर चुटकी लेते कहा कि एक शहजादे कहते है,कि मोदी के आखिरी दिन आ गये है,इसलिए बनारस को चुना है।इन लोगो के पास गाली देने के सिवाय कोई मुद्दा नही है।




### आईएनडीआई गठबंधन में 20 लाख करोड़ के घोटालेबाज एक साथ: मोदी

**पटना**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बिहार के मोतिहारी और महाराजगंज लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा उम्मीदवारों राधामोहन सिंह और जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के पक्ष में मंगलवार को चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए आईएनडीआई गठबंधन पर जमकर प्रहार किया। महाराजगंज में उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का पता है यह गठबंधन। इनके नेताओं में तीन बातें एक जैसी हैं। कम्युनल, जातिवाद और परिवारवाद। गठबंधन में 20 लाख करोड़ के घोटालेबाज एक साथ हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने गारंटी देते हुए कहा कि आपके लिए दिन-रात मेहनत करुंगा। पहले से भी ज्यादा मेहनत करूंगा। मुझे आपके और आपके बच्चों के भविष्य के लिए विकसित बिहार बनाना है। विकसित भारत बनाना है। उन्होंने कहा कि कल ही पांचवें चरण का चुनाव पूरा हुआ है। पहले चरण में आईएनडीआई गठबंधन पस्त हो गया था। इसके बाद के तीन चरणों में इंडी गठबंधन पूरी तरह परास्त हो गया। पीएम ने कहा कि जो लोग चांदी का चम्मच लेकर पैदा होते हैं उन्हें पता नहीं कि गरीबी क्या होती है। मैंने सुना है कि यहां कोई घूम-घूमकर कह रहा है कि चार जून के बाद मोदी को बेड रेस्ट होगा।




## बिहार में लालू-राबड़ी के जंगलराज में प्रति व्यक्ति आय 33 फीसदी गिरी थी: निर्मला सीतारमण



**पटना**

**केंद्रीय वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि लालू-राबड़ी के जंगलराज में प्रति व्यक्ति आय 33 प्रतिशत गिर गई थी। जंगलराज के नुकसान से बाहर लाने के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ी है, यह पहली बार बिहार की जनता को बताना जरूरी है। सम्मान चाहिए, विकास नहीं की बात बोलने वालों के समय में सकल घरेलू उत्पाद ओडिशा से कम था। केंद्रीय वित्त मंत्री मंगलवार को पटना के भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहीं थी। उन्होंने कहा कि बिहार में फर्स्ट टाइम वोटर को यहां के जंगलराज से हुए नुकसान को बताने की जरूरत है। साथ ही कहा कि लालू-राबड़ी के शासनकाल में जंगलराज के कारण बिहार में प्रति व्यक्ति आय 14,209 रुपये हो गई थी, जो फिलहाल 37,000 रुपये है। सीतारमण ने कहा कि जंगलराज मिटने के बाद पांच प्रतिशत का ग्रोथ मेंटेन करने के लिए परिश्रम करना पड़ा। राज्य को विशेष राज्य का दर्जा अब तक नहीं मिलने के सवाल पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि विशेष दर्जा के लिए केंद्रीय वित्त आयोग की रिपोर्ट में रिकमेंडेशन आना चाहिए, तभी इसके बारे में आगे विमर्श किया जा सकता है। केंद्रीय वित्त आयोग रिपोर्ट में टैक्स को कम करने का रिकमेंडेशन आया था, जिसके बाद तीन अलग-अलग स्लैब में केंद्रीय करों में कमी की गई है। बिहार को आर्थिक सहायता और विशेष सहायता पर निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2015 में एक पैकेज बिहार के लिए घोषणा की गई थी और 1.25 लाख करोड़ का पैकेज दिया गया था।

## टोक्यो ओलंपिक में रजत जीतने वाले रवि दहिया को झटका!

**नई दिल्ली**

आगामी पेरिस ओलंपिक से पहले भारत में कुश्ती को लेकर काफी बवाल हुआ। पिछले दो वर्षों से कुश्ती के खिलाड़ियों के चयन और ट्रायल्स को लेकर काफी हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। भारतीय कुश्ती महासंघ का अध्यक्ष बदला गया। पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह की जगह संजय सिंह अध्यक्ष बने। इसके बाद भी विवादों का दौर जारी रहा। इसके बाद ओलंपिक कोटा और चयन ट्रायल्स को लेकर भी काफी बवाल हुआ। पहले यह तय हुआ कि कोटा हासिल करने वाले पहलवानों का पेरिस जाना तय नहीं होगा। उन्हें ट्रायल से गुजरना होगा। अब कुश्ती संघ ने फिर से नया फरमान जारी किया है। कुश्ती संघ के नए बयान के मुताबिक, जिस खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया है, वही खिलाड़ी पेरिस जाएगा। ऐसे में 2021 में हुए टोक्यो ओलंपिक में भारत को फ्री-स्टाइल में रजत पदक दिलाने वाले रवि दहिया इस साल ओलंपिक में खेलते नहीं दिखेंगे। रवि दहिया आगामी ओलंपिक के लिए कोटा जीतने में नाकाम रहे थे। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीतने वाले बजरंग पूनिया पर पहले ही बैन लग चुका है।

भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा- चयन समिति के सभी सदस्यों के साथ मीटिंग हुई और यह निर्णय लिया गया कि हमने जिस नियम का पालन किया वह यह था कि जिसे भी कोटा मिलेगा वह पेरिस ओलंपिक के लिए जाएगा। वहीं, 2012 लंदन ओलंपिक में पदक जीतने वाले पहलवान योगेश्वर दत्त का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा- डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह और अन्य सदस्यों की मौजूदगी में ट्रायल कमेटी की बैठक हुई। यह तय हुआ कि जिनके पास कोटा होगा वही पेरिस ओलिंपिक में जाएंगे।

## आतंकी साजिश के एक मामले मे एनआईए की 11 स्थानों पर की छापेमारी

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) इस साल बेंगलुरु में दर्ज आतंकी साजिश के एक मामले में विभिन्न राज्यों में 11 स्थानों पर तलाशी ले रही है। एनआईए ने यह जानकारी मंगलवार को दी। बेंगलुरू के रामेश्वर कैफे में ब्लास्ट मामले की जांच कर रही एनआईए 3 मार्च को जांच अपने हाथ में ली थी।

## विदेश मंत्री जयशंकर ने ईरानी दूतावास जाकर रायसी और अब्दुल्लाहियन को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली**

**विदेश मंत्री** डॉ. एस जयशंकर ने मंगलवार को दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास जाकर ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्दुल्लाहियन को श्रद्धांजलि दी।

विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और मेरे सहयोगी, विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के दुखद निधन पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करने के लिए आज दिल्ली में ईरान के दूतावास का दौरा किया। उन्हें हमेशा भारत के दोस्तों के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने भारत-ईरान संबंधों के विकास में बहुत योगदान दिया। भारत सरकार इस कठिन समय में ईरान के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ी है।




उल्लेखनीय है कि ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और विदेश मंत्री और अन्य उच्च पदस्थ अधिकारियों की एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई।

## कांग्रेस की सरकार घोटालों की सरकार: जेपी नड्डा

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जींद में किया रोड शो, भाजपा उम्मीदवार बडोली के पक्ष में मांगे वोट

**जींद**

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत की तरक्की किसी से छुपी नही है। विदेशों में भी भारत का डंका बज रहा है। मोदी सरकार ने गारंटी दी है कि भारत पूरी दुनिया में जल्द ही आर्थिक स्थिति के मामले में तीसरे नंबर होगा।



भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार को शहर में रोड शो के बाद टाउन हाल पर कार्यकतओ को संबोधित कर रहे थे।

नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों व पिछड़ा वर्ग के लिए गरीब कल्याण योजनाएं चलाई हैं, जिसका प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिल रहा है। मोदी के नेतृत्व में भारत की फौज और देश मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले हम चीन व कोरिया से मोबाइल का आयात करते थे। परंतु अब 97 प्रतिशत मोबाइल भारत में ही बनाए जाते हैं। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार घोटालों की सरकार है। इसमें चारा घोटाला, चीनी घोटाला, कोयला घोटाला, 2जी घोटाला, 3जी घोटाला किसी से छुपा नही है।

कांग्रेस हमेशा से परिवारवाद की राजनीति करती आई है। चाहे चौटाला परिवार को देख लो, चाहे हुड्डा परिवार को देख लो, चाहे बादल परिवार को देख लो।

सब परिवारवाद की राजनीति करते हैं। उन्होंने सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार मोहनलाल बडोली को जिता कर प्रधानमंत्री मोदी को मजबूत करने की अपील की।

## ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति रईसी के अंतिम दर्शन के लिए तबरेज में उमड़ा जनसैलाब



### पवित्र शहर मशहद में गुरुवार दोपहर को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा

**तेहरान**

ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के अंतिम दर्शन के लिए आज मुल्क के तबरेज शहर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। उनके पार्थिव देह की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब दिखे। उन्हें गुरुवार दोपहर पवित्र शहर मशहद में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इस हादसे में रईसी समेत नौ लोग हताहत हुए हैं। इनमें ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन भी हैं। ईरान में सोमवार को पांच दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई। तबरेज शहर में आयोजित शोकसभा में हजारों लोग शामिल हुए। ईरान में शहीदों से संबंधित समारोहों और सेवाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले संगठन ने मशहद में अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी हैं। रईसी की पार्थिव देह तबरेज में सुबह 9:30 बजे शोहदा स्क्वायर से मोसल्ला के लिए रवाना हुई। पूरे रास्ते दोनों तरफ गम में डूबे लोग अपने नेता के अंतिम दर्शन के लिए खामोश खड़े रहे। बुधवार सुबह 7:30 बजे तेहरान में अंतिम प्रार्थना होगी। इसके बाद दफन जुलूस तेहरान विश्वविद्यालय से आजादी स्क्वायर की ओर बढ़ेगा। अपराह्न में विदेशी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में शहीदों के सम्मान में एक समारोह होगा। गुरुवार को बिरजंद में सुबह 8:00 बजे से दक्षिण आखिरी विदाई समारोह होगा।

## किर्गिस्तान में भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंतित दिखे सांसद ओवैसी

**हैदराबाद/एजेंसी**

**किर्गिस्तान** की राजधानी बिश्केक में स्थानीय लोगों एवं विदेशियों के बीच संघर्ष की खबरों के बीच ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को विदेश मंत्री जयशंकर से वहां रह रहे भारतीयों की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने का आह्वान किया। बीआरएस ने भी भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। किर्गिस्तान में तकरीबन 15 हजार छात्र पढ़ाई कर रहे हैं।



इंटरनेट मीडिया एक्स पर पोस्ट कर हैदराबाद सांसद ने कहा कि खुद को सुरक्षित रखने के लिए भारतीय छात्र घरों में ही रुके हुए हैं और इनमें से कई को कई दिनों से खाना भी नहीं मिला है। उन्होंने हालात में सुधार नहीं होने पर भारतीयों की वापसी का प्रबंध करने का भी आह्वान किया।

## एयर इंडिया का विमान ए350 मुंबई से दुबई के लिए एक जून से भरेगा उड़ान

**नई दिल्ली**

टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया 01 जून से मुंबई से दुबई के लिए अपने अत्याधुनिक एयरबस ए350 से उड़ान भरेगी। एयरलाइन के एयरबस ए350 का ये दूसरा अंतरराष्ट्रीय मार्ग है। एयर इंडिया ने मंगलवार को एक्स पोस्ट में बताया कि अब इंतजार खत्म हुआ। मुंबई से दुबई के लिए उड़ानें एक जून, 2024 से शुरू होंगी। बुकिंग अब खुली हैं। मुंबई और दुबई के बीच अपनी अगली यात्रा पर अत्याधुनिक एयरबस ए350 का अनुभव लें। कंपनी ने बताया कि एयर इंडिया मुंबई-दुबई मार्ग पर अपना बिल्कुल नया एयरबस ए350-900एक्सडब्ल्यूबी विमान लॉन्च कर रही है, जो नए एयरबस विमानों के लिए दूसरा अंतरराष्ट्रीय मार्ग है।

## राजस्थान-एमपी समेत 6 राज्यों में हीटवेव का रेड अलर्ट

### कोर्ट में लू से 1 की मौत; दिल्ली में तापमान 47 डिग्री केरल में बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली**

देश में तेज गर्मी के साथ अब हीटवेव का दौर भी लगातार जारी है। मौसम विभाग ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में आज से 4 दिन तक हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र और जम्मू-कश्मीर के जम्मू डिविजन में भी आज लू चलने की चेतावनी है। मौसम विभाग ने कहा कि इन राज्यों में आने वाले 4-5 दिन तक लू से राहत मिलने की संभावना नहीं है। इसके अलावा लू की चेतावनी वाले राज्यों में में तापमान भी 44 से 47 डिग्री के बीच बना हुआ है। दिल्ली के नजफगढ़ में सोमवार को तापमान 47.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। रविवार को तापमान 48 डिग्री के करीब पहुंचा था। गर्मी की वजह से पंजाब के स्कूलों में मंगलवार से गर्मियों की छुट्टी का ऐलान कर दिया गया है। वहीं, हिमाचल, जम्मू में स्कूलों का समय जल्दी कर दिया गया है। दिल्ली में भी स्कूलों को तुरंत बंद करने को कहा गया है।



**केरल-तमिलनाडु में भारी बारिश की चेतावनी**

दक्षिण भारत के राज्य केरल और तमिलनाडु मानसून आने से पहले ही बारिश से बेहाल हैं। मौसम विभाग ने दोनों राज्यों में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। यहां निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात भी बन सकते हैं। केरल में बारिश की वजह से भूस्खलन और बीमारियों के फैलने की आशंका को देखते हुए आपातकालीन सेवाओं को अलर्ट कर दिया गया है। यहां सोमवार को भी तेज बारिश हुई थी, जिससे कई जगह पानी पेड़ गिरने की खबर है।

# सड़क हादसे में साइकिल सवार बांसुरी वादक की दर्दनाक मौत

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** प्रयागराज थाना क्षेत्र के भुंडा गांव निवासी बेनी माधव मिश्र के चार बेटों में चौथा महेश कुमार मिश्र उर्फ कल्लू 35 वर्ष मंगलवार दोपहर बाद मेजा के पहाड़ी महादेव मंदिर से दर्शन पूजन करके साइकिल से घर वापस जा रहे थे। उधर करछना की ओर से कोहडार घाट की ओर जा रही ट्रंक खेक्सा गांव के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसकी चपेट में आने से साइकिल सवार युवक उसकी चपेट में आ गया। और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक ट्रक की रफ्तार इतना तेज थी कि वह अनियंत्रित होकर साइकिल में धक्का मारते हुए साइकिल सवार के सिर पर ही उसकी पहिया चढ़ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। और ओवरलोड ट्रक पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूचना पर गांव में जहां मातम छा गया। वहीं घर में कोहराम मच गया। पिता बेनी माधव मिश्र सहित तीन अन्य भाइयों में श्याम बिहारी मिश्र, मंगला प्रसाद मिश्र, मनकामेश्वर मिश्र के अलावा घर की महिलाओं का रो रो करके बुरा हाल रहा। वहीं माता पार्वती देवी बेसुध हो गई। महेश कुमार उर्फ कल्लू मिश्र अविवाहित रहकर एक संगीतज्ञ कलाकार व बांसुरी वादन के रूप में क्षेत्र में चर्चित थे। और भजन कीर्तन के सहित भक्ति के प्रति उनकी आस्था रही।

## पीडीएम प्रत्याशी के पक्ष मे विधायक ने मांगा वोट

**करछना।** अपना दल कमेंरा वादी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सिराथू विधायक डा पल्लवी पटेल ने पीडीएम प्रत्याशी के समर्थन में जगह जगह चौपाल लगाकर जनता से वोट मांगा।सोमवार को इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के विधानसभा करछना में चाका, बोगी, बेदौं, देवरी, भस्मा अरई और बारा विधान सभा क्षेत्र के कांटी, बारी बजहिया, कोरांव विधान सभा के मलीपुर बडोखरा, सैम्भा सहित मेजा विधान सभा क्षेत्र के व्रितिया में चौपाल के माध्यम से उन्होने इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र 52 के पीडीएम प्रत्याशी हंसराज कोल पछ में वोट मांगा।इस दौरान उन्होने जगह-जगह चौपाल को सम्बोधित करते हुए कहा कि वार्तमान सरकार सिर्फ जनता को पांच किलो रासन के नाम पर छलने का काम कर रही है। सपा मुखिया का नाम लिए बगैर कहा कि पिछड़ा, दलित और मुसलमानों को गुमराह करके हमेशा बेवकूफ बनाने वालो होश में आ जाओ अब तुम्हारी चाल जनता पहचान गई है।25 मई को करारा जवाब जनता देने जा रही है। साथ मे राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अजय पटेल, जिलाध्यक्ष जमुनापार एडवोकेट रमेश चन्द्र पटेल, मंडल सचिव रामसागर पटेल, जिलाध्यक्ष महिला मंच दुर्बेश पटेल, जिला महासचिव नन्दलाल पटेल, जिलाध्यक्ष युवा मंच अभय पटेल, जिला मिडिया प्रभारी रामबाबू पटेल, उषा देवी, पूनम, देशराज पटेल, ओम जी पटेल, प्रेमचंद पटेल, सरस्वती राही, जयसिंह पटेल, अरविंद पटेल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा जंघई मंडल पदाधिकारियों ने किया मोदी विकास पत्र वितरण

**जंघई।** भाजपा जंघई मंडल के पदाधिकारियों द्वारा भदोही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के जंघई मंडल के पदाधिकारियों ने मंगलवार को सेक्टर रस्तीपुर के समस्त बूथ अध्यक्ष, नेदुला बूथ अध्यक्ष डॉक्टर साहब, सोरों सेक्टर संयोजक हरीशंकर गोंड सहित सभी बूथ अध्यक्षों से मोदी विकास पत्र के साथ संपर्क करते हुए सरकार की विभिन्न योजनाओं को बताते हुए भदोही लोकसभा प्रत्याशी डॉ विनोद बिंद को मतदान करने हेतु अपील किया गया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।अबकी बार 400 पार, अपना बूथ सबसे मजबूत नारे के साथ पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने गांव गांव जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान मंडल महामंत्री प्रदीप शर्मा, मंडल मंत्री मनोज दुबे, मंडल उपाध्यक्ष आरडी सरोज, विवेक उपाध्याय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# न्यूज झरोखा

## प्रत्याशी कोई भी हो देश हित में करें मतदान : गुरु सिमरन सिंह




**सहसों।** अंतरराष्ट्रीय खालिस्तानी विरोधी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरु सिमरन सिंह मंड का यात्रा के दौरान प्रयागराज आगमन पर लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर फूलपुर के ब्लॉक प्रमुख विपेन्द्र सिंह पटेल व अधिवक्ता विपिन पांडेय एवं विहिप नेता अतुल पांडेय ने अपने समर्थकों के साथ सहसों बाईपास पर जय श्री राम का नारा लगाते हुए माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। उपरांत गुरु सिमरन सिंह ने भारी भरकम काफिला काफिले में उपस्थित समर्थकों के साथ दामोदर पुर तिवारी पुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य मनीष तिवारी के आवास पर पहुंचे वहां पर मनीष तिवारी द्वारा गुर सिमरन सिंह का आतिथ्य सत्कार करते हुए उन्हें गाय, बछड़े की मूर्ति तथा प्रमुख फूलपुर विपेन्द्र पटेल द्वारा उन्हें श्री राम जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। पंजाब प्रांत से चलकर प्रथम बार प्रयागराज आगम न पर हुई भव्य स्वागत से उन्होंने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी का धन्यवाद देते उन्होंने कहा कि प्रयागराज एक धार्मिक शहर है और यहां सनातनियों से मार्मिक प्रेम पाकर मेरा मन हृदय से प्रफुल्लित हो उठा है। मैं सबको प्रणाम करता हू और सबसे निवेदन करता हूं कि प्रत्याशी कोई भी हो हमें देश हित के लिए अपने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखना है और 400 पार के नारे को सफल बनाना है। इसके बाद उनका काफिला इफको फूलपुर होकर सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए वरिष्ठ पत्रकार अंकित शुक्ला की अगुवाई में बाघम्बरी मठ के महंत बलवीर गिरि जी महाराज का आशीर्वाद लिया तत्पश्चात हनुमान जी का दर्शन पूजन आरती किया। इस मौके पर मंदिर के मुख्य पुजारी द्वारा गुरु सिमरन सिंह मंड जी को हनुमान जी की प्रतिमा भेंट किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से विनय त्रिपाठी, अधिवक्ता अंकित पांडेय, भूपेंद्र मिश्रा पप्पू जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा गंगापार, ग्राम प्रधान विजय लक्ष्मी चंदेल, पवन पांडेय बजरंग दल, राहुल तिवारी, दीपक द्विवेदी, आनंद प्रसाद तिवारी, राधेश्याम तिवारी, लवकुश पांडेय, राहुल तिवारी, सोनू , निखिल तिवारी, विपल तिवारी, पवन कुमार शुक्ला, डब्लू शुक्ला, क्रांति गुरु गणेश वल्लभ द्विवेदी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## वार्षिकोत्सव पर मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ एवं भजन कीर्तन का हुआ आयोजन



**सहसों।** श्री राम जानकी सेवा समिति सहसों प्रयागराज द्वारा श्री राम जानकी मंदिर का 32वां वार्षिक उत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाते हुए आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंदिर के व्यवस्थापक सेठ कैलाश चन्द्र केसरवानी द्वारा भगवान राम दरबार की विधि विधान से पूजन अर्चन तथा आरती कर मंदिर परिसर में सोमवार को सायंकाल भक्तों ने संगीतमय सुंदरकांड का पाठ एवं भजन कीर्तन का आयोजन करके भक्तों में भोजन प्रसाद का भी आयोजन हुआ। मंदिर के वार्षिकोत्सव पर क्षेत्र के भारी संख्या में भक्तों ने उपस्थित होकर भगवान की पूजा पाठ एवं सुंदरकांड पाठ भजन कीर्तन में सम्मिलित होते हुए प्रसाद पाकर धन्य हुए। वार्षिक उत्सव के अवसर पर मंदिर को भव्य रूप से आधुनिक विद्युत झालरों एवं माला फूल से सुसज्जित भी किया गया। श्री राम जानकी मंदिर के पुजारी राजधर पांडे ने बताया कि यह आयोजन मंदिर के 32वें वार्षिक उत्सव पर किया गया है। उन्होंने बताया कि यह आयोजन 1992 से अनवरत चला आ रहा है। जिसमें सहसों सहित क्षेत्र के आदि गांव से श्रद्धालु भक्त नर नारी पहुंचकर भगवान की पूजा, अर्चना एवं आरती कर समारोह में भक्ति भावना के साथ शामिल होते हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से दिनेश चन्द्र केसरवानी पप्पू , डॉ प्रमोद कुमार गुप्ता, अमन केसरवानी, विष्णु प्रसाद नेपाली, यीशू केसरवानी, छोटू मिश्रा, नितिन तिवारी, सुरेश चन्द्र केसरवानी गुड़हा, जगदीश केसरवानी, शिव बाबू केसरवानी, दिलीप कुमार केसरवानी, राहुल साहू सहित आदि लोग आयोजन में सहयोग करते हुए उपस्थित रहे।

## पायनियर बीज कंपनी द्वारा उन्नतशील खेती करने की सलाह दी गई




**जसरा।** जसरा बाजार के श्री केदारनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खटंगिया में पायनियर बीज कंपनी द्वारा उन्नत शील खेती करने की सलाह दी गई। विकास खंड के गांवों के चुने हुए किसान बंधुओं को धान के बेहन डालने की विधि बताई गई। पायनियर बीज कंपनी के जिला प्रबंधक रिसेशर्द पोरवार ने आये हुए किसानों को बताया कि पायनियर 27P37 शंकर धान एक एकड़ खेत की रोपाई के लिए 6 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है। बीज को आठ से दस घंटे साफ पानी में भिगोना चाहिए और अंकुरित होने के लिए 18 से 24 घंटे तक प्रतीक्षा करनी चाहिए। कभी भी गंदे पानी का उपयोग नहीं करना चाहिए। नर्सरी बेड का आकार छोटा तीन मीटर चौड़ा और दस मीटर लम्बा तथा जमीन से दस सेन्टीमीटर ऊंचा रखना चाहिए। अच्छी प्रकार से तैयार किया हुआ खेत में पानी लगाकर कादौं / पाटा करें और जब पानी साफ दिखने लगे तो शाम के समय अंकुरित बीज की बुआई करनी चाहिए। बुआई के बाद प्रथम सिंचाई की आवश्यकता 2-3 पत्ती की अवस्था में होती है। प्रत्येक तीन दिन के बाद उचित नमी को बनाए रखें। 1.5 किलोग्राम यूरिया बुआई के 15 दिन पहले बेड में देना चाहिए। नर्सरी को तनाछेदक से व रोग मुक्त रखने के लिए 1 किलोग्राम फुराडोन या फेटेर्रा का उपयोग 6 किलोग्राम बीज की नर्सरी में रोपाई के आठ दिन पहले करना चाहिए। कार्यक्रम के बाद वहां मौजूद किसानों को पायनियर की मुफ्त बीज वितरण किया गया। इस अवसर पर पायनियर के क्षेत्रीय प्रबंधक छोटेलाल चौहान, जिला सहकारी बैंक प्रयागराज के डायरेक्टर अनिल कुमार मिश्र,मातादीन मिश्रा,ब्रह्म दत्त पाठक, भोलानाथ यादव, कौशलेंद्र पटेल, सूर्य भान सिंह, संकेत यादव सहित दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## प्रयागराज एवं यमुनापार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में नीरज त्रिपाठी की भूमिका होगी अहम : रामकृष्ण त्रिपाठी

**मेजा।** लोकसभा के चुनाव की तारीखें जैसे जैसे नजदीक आ रही है भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में आम जनता का रुझान एवं कमल खिलाने कवायद तेज होती जा रही है जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण भाजपा प्रत्याशी के समर्थन प्रत्येक कार्यक्रमों में उमड़ती भारी भरकम भीड़ एवं क्षेत्र के कुशालपुर गांव निवासी समाजसेवी रामकृष्ण त्रिपाठी की अगुवाई में खुलकर समर्थन में आए वहां के ग्रामीण मतदाता हैं। ऐसे में प्रयागवासियों को क्षेत्र के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार पर पूरा भरोसा है। उल्लेखनीय है कि बीते सोमवार को मांडा में आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता सम्मेलन में दहाड़ते हुए समाजसेवी पं रामकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा किए जा रहे विकास और अधिक गति देने में प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी की भूमिका अहम होगी। क्योंकि उनके पिता केशरीनाथ त्रिपाठी का राजनीति एवं भाजपा से पुराना रिश्ता रहा है जिसका कर्ज बीजेपी को उतरना है। श्री त्रिपाठी कहते हैं कि नीरज त्रिपाठी का ताल्लुक एक बुद्धिजीवी समाज से है और भाजपा ने उन्हें काफी सोच समझकर प्रयागराज के नेतृव की जिम्मेदारी दी है जिस पर वे पूरी से खरा उतरने के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने आगे कहा कि नीरज त्रिपाठी अपने स्व पिता द्वारा विरासत में मिली राजनीति एवं बचपन के संस्कार को भली भांति निभाना जानते हैं। इतना ही नहीं पंडित रामकृष्ण त्रिपाठी ने यह भी कहा कि प्रयागराज के उन्नति के लिए केशरीनाथ त्रिपाठी द्वारा देखा गया सपना पूर्ण करने के लिए उनके बेटे नीरज त्रिपाठी आम जानता के बीच आए हैं जिसमें क्षेत्र की जनता उनके स्व पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिहाज से तन मन से नीरज त्रिपाठी के साथ कदम से कदम मिलाकर न केवल उनके समर्थन में खड़ी है बल्कि उनके साथ इस लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के चुनावी जंग के प्रचार प्रसार में कूद पड़ी है। श्री का मानना है कि प्रयागराज का सर्वांगीण विकास भाजपा एवं उसके यशश्वी बुद्धिजीवी प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी में ही निहित है। उन्होंने क्षेत्र में सुख शांति एवं अमन चैन तथा भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत के लिए कुछ दिनों पूर्व अपने आवास पर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का 7 दिनों तक आयोजन भी किया था।

## फूलपुर में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रयागराज।** फूलपुर के बहरिया थाना क्षेत्र के दलीपुर गांव में एक युवक ने घर के अंदर छत के चुल्ले से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने उसके किसी बात को लेकर तनाव में होने की बात पुलिस से बताई। दलीपुर निवासी अरविंद कुमार (21) परिवार के साथ घर के बाहर बैठा था। इसी बीच अरविंद घर में किसी काम से गया और काफी देर तक बाहर नहीं आया।इस पर उसकी खोजबीन शुरू हुई। घर के अंदर देखा गया तो अरविंद छत के चुल्ले के सहारे फंदे से झूल रहा था। मोबाइल की लीड उसके कान में लगी थी। परिजन उसे फंदे से उतारकर गांव के ही एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि कुछ दिनों से अरविंद किसी बात को लेकर तनाव में था।पिता सुरेश कुमार रोजी रोटी के लिए परदेस में रहते हैं। अरविंद कुमार अपनी मां और दो बहनों के साथ गांव में रहता था और गांव के बच्चों को ट्यूशन भी पढ़ता था। सूचना पर थाना अध्यक्ष बहरिया रणविजय सिंह चौकी इंचार्ज सिकंदरा रवि कुमार कटियार मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# आग में खाक हुई रेडीमेड कपड़े की दुकान, लाखों की क्षति

### शार्ट सर्किट से लगी आग, फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

**अखंड भारत संदेश**



**बारा/शंकरगढ़।** यमुनानगर के शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में आग लगने की एक घटना में लाखों रुपये का रेडीमेड का कपड़ा जलकर राख हो गया। आग लगने की जानकारी काफी देर से हुई, इसलिए बचाव का मौका नहीं मिला। हालांकि, सूचना मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस व फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंच मोर्चा संभाल लिया और आग को बढ़ने से रोका। जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के शिवराजपुर के रहने वाले पिंटू सिंह रेडीमेड कपड़े की दुकान चलाते हैं। उन्होंने विद्या कलेक्शन नाम से यह दुकान शिवराजपुर चौराहे पर खोल रखी है। गर्मी का सीजन होने के कारण इस समय उनकी दुकान में लाखों रुपये का स्टाक था। आज शार्ट सर्किट होने के कारण उनकी दुकान में आग लग गई। जब तक दुकानदार को इसका आभास हो पाता, भीषण गर्मी में इतनी फैल चुकी थी कि उसे अकेले बुझा पाना नामुमकिन था। आग की सूचना तत्काल शंकरगढ़ पुलिस के साथ फायर ब्रिगेड को दी गई। इसके बाद शंकरगढ़ पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। हालांकि, तब तक दुकान में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो चुका था।

# ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन पंकज शुक्ल महाराज ने सुनाई हवन एवं पूजन विधि की कथा

### कठौली की श्रीमद् भागवत कथा में श्रोताओं का उमड़ा जनसैलाब - भाग 7





**मेजा।** विकास खंड उरुवा के कठौली गांव में मुख्य यजमान मूरत नारायण शर्मा श्री नारायण शर्मा व श्रीमती नयन कुमारी शर्मा के नेतृत्व मेंआयोजित 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शायं 4 बजे सातवे दिन हवन एवं पूजन के विधि की कथा मुख्य कथा वाचक पंडित पंकज शुक्ल जी महाराज वृंदावन धाम व सहित्याचार पंडित अरुण कुमार तिवारी द्वारा सुनाई गई। इस दौरान कुलगुरू पंडित ओम तिवारी भी कथा में मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी वरिष्ठ साइंटिस्ट अमेरिका डा राजेश शर्मा व विनोद शर्मा ने देते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुरू होने के बाद शायं की उक्त कथा में बड़ी संख्या में उपस्थित गांव एवं अगल बगल गांव के श्रोतागण महाराज के श्री बचनों से सुना और काफी आनंदित हुए। कथा का नजारा ऐसा रहा कि मानों कठौली गांव श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा वृंदावन हो गई है श्रोताओं का तांता लगा रहा। उहोंने यह भी बताया कि अनवरत 9 दिनों तक जारी रहने वाली इस भागवत कथा के मुख्य श्रोता डॉ अनिल शर्मा अश्वनी कुमार शर्मा सुनील कुमार शर्मा सुभाष शर्मा प्रमोद शर्मा ( लल्लू ) प्रशांत राय कौशल राय प्रखर राय विवेक राय सत्यम राय आदित्य शर्मा ईशान शर्मा हर्षित राय सतीश कुमार शर्मा ललित कुमार शर्मा वरिष्ठ पत्रकार विमल राय तथा अधिवक्ता धीरज शर्मा रहे। कथा का समापन देर शाम हुआ। शर्मा बंधुओ ने बताया कि आठवें दिन की कथा महाप्रसाद एवं महाभंडारा विधि पर आधारित होगी। भागवत कथा के इस पावन अवसर पर शर्मा बंधुओं ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने तथा कथा का अनुशरण कर जीवन को सार्थक बनाने की अपील किया है।

## दो पक्षों में मार पीट कई जख्मी दोनों पक्षों से दस के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड गए। जिससे दोनों पक्षों को चोटें आयी है। पुलिस ने क्रास मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला गंजियाबाजार निवासी रोहित कुमार केसरवानी पुत्र श्याम लाल का आरोप है कि बच्चों के विवाद को लेकर उसे और उसके परिजनों को मारा पीटा गया। रोहित केसरवानी ने मऊआइमा थाने में विजय कुमार उर्फ मटटर,अभय राज,तिलक साहू, विकास साहू, विवेक साहू के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर दूसरे पक्ष के अभयराज साहू पुत्र स्वर्गीय केशव प्रसाद साहू का आरोप है कि पडोसी उसे और उसके परिजनों को मारे पीटे अभयराज ने मऊआइमा थाने में श्याम लाल, रोहित उर्फ तीरथ केसरवानी, राहुल,सौरभ,गिरीश केसरवानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## जमीनी विवाद को लेकर मार पीट चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बालाडीह तिलक सिंह का पूरा निवासनीय सुनीता देवी पत्नी उमेश कुमार का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसी उसे मारे पीटे जान से मारने की धमकी दिए। सुनीता देवी ने मऊआइमा थाने में कमलेश कुमार, मुकेश कुमार,किशन लाल,राज कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## अरैल क्षेत्र में मतदाता पर्ची अभी तक नहीं वितरित की गई पर्ची

**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में मतदाता पर्ची बीएलओ द्वारा अभी तक नहीं वितरित किया गया भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा महानगर उपाध्यक्ष पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अभी तक बीएलओ के द्वारा मतदाता पर्ची नागरिकों के बीच में नहीं बाटी गई है जिलाधिकारी महोदय से निवेदन है कि शिवनगर कृष्णा नगर रामनगर मुरादपुर कर्बला सच्चा बाबा नगर अरैल क्षेत्र के कई जगहों पर बीएलओ के द्वारा मतदाता पर्ची नहीं वितरित किया गया है। पर्ची बटवाया जाए जिससे सत प्रतिशत मतदाता पर्ची मतदाताओं के घर पहुंच सके।

## नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया विदाई समारोह





**हनुमानगंज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के परास्नातक (एम.ए.) हिन्दी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा द्वितीय वर्ष के छात्रों का विदाई समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। जमुनीपुर परिसर स्थित प्राचीन पुस्तकालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दोनों वर्ष के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. हिमांशु शेखर सिंह ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कला तथा शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता क्रमशः डॉ. सव्यसाची तथा प्रो. भावेश दुबे सहित डॉ. ममता मिश्रा, डॉ. विष्णु प्रसाद शुक्ल, डॉ. मंजू शुक्ला, डॉ. भूप नारायण, डॉ. आलोक कुमार विश्वकर्मा, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. पुष्पांजलि पाल, डॉ. मोहम्मद वाकिफ ने भी आशीर्वचन दिया। संचालन उत्कर्ष द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र मिश्र, डॉ. बालेन्द्र शुक्ल, डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. संतोष शुक्ला, विभव, काजल, रिया सिंह, पूनम, ममता यादव, आँचल, विकास, अनिल, नमन, सारिका, पूर्णिमा सहित अनेक शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

## वारी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत वारी गांव निवासी राम कैलाश विश्वकर्मा पुत्र स्व. रामेश्वर विश्वकर्मा रविवार शाम को मड़वा बाजार किसी काम से गए थे वापसी में शाम साढ़े सात बजे अपनी साइकिल से मड़वा से घर आ रहे थे कि हमारा पेट्रोल पंप के सामने हंडिया से वारी की तरफ से तेज रफ्तार में जा रही अज्ञात चार पहिया वाहन ने राम कैलाश को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन घसीटते हुए वारी तक ले गई। परिजनों एवं ग्रामीणों को सूचना हुई तो पुलिस को सूचना दिया और गंभीर रूप से घायल राम कैलाश को स्वरुप रानी प्रयागराज अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान सोमवार को उनकी मृत्यु हो गई। शव का पोस्टमार्टम हुआ शव लेकर परिजन वारी घर पहुंचे तो कोहराम मच गया, रोते बिलखते परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# दो किलो राशन की लालच में न आएं माताएं : डॉ. रागिनी

**अखंड भारत संदेश**






**मांडा।** संसदीय क्षेत्र के महागठबंधन कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में मांडा क्षेत्र के भरारी, गांव में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्टार प्रचारक मछली शहर जौनपुर की विधायिका डॉ.रागिनी सोनकर ने कहा कि देश के संविधान और आरक्षण को बचाना है। युवा को रोजगार और मजदूरों को पलायन पर रोक लगाना है तो गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह को समर्थन दें।विधायिका डॉ. श्रीमती रागिनी सोनकर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने डॉ भीम राव अम्बेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान से ही एम्स हॉस्पिटल और शिक्षा के लिए यूनिवर्सिटी की स्थापना किया जिससे मैंने पढ़ाई करने के बाद डॉ बनी हूं। इस लिए दो किलो राशन की लालच में नहीं आना है। युवाओं को रोजगार, नौकरी,शिक्षा के लिए उन्होंने कहा कि दस वर्षो से केन्द्र में भाजपा सरकार महंगाई, बेरोजगारी, हिन्दू मुस्लिम की राजनीति कर संविधान परिवर्तन करना चाहती हैं। ऐसी सरकार को हटाना है तो सभी लोगों को एकता का परिचय देते हुए इंडिया गठबंधन को समर्थन कर सत्ता परिवर्तन करें। वहीं कार्यक्रम को मेजा विधायक संदीप पटेल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम सपा नेता रणजीत सोनकर, सरस सोनकर, भोला नाथ सोनकर, कन्हैया लाल सोनकर, मुन्ना लाल, लल्लन प्रसाद सोनकर, अफरोज अहमद, नशरत उर्फ बबई खां, प्रमिल यादव जिला पंचायत सदस्य, संजय यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख मांडा, संजय सोनकर, बाबू लाल सोनकर, ऊटी प्रधान कैलाश नाथ यादव, संजय यादव प्रधान साड़ी, समर बहादुर बिंद,पवन सोनकर, शीला सोनकर, दुर्गा सेठ,हजारी लाल सोनकर, पंचु निषाद आदि हजारों सोनकर समाज में लोगों ने उपस्थित होकर जीताने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्याम कृष्ण उर्फ पप्पू चेयर मैन सिरसा, प्रेम शंकर पटेल, राकेश गिरी, वेद प्रकाश शर्मा उर्फ डब्बू, श्याम बिहारी मौर्य,चन्दन, अनील कुमार प्रधान,कमलेश, साजन अनील पाण्डेय, गेंदा देवी, सुशीला देवी, राज कुमारी आदि सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं। वहीं सोनकर समाज के साथ सपा कार्यकर्ता ने जिन्दाबाद के नारे से गुंजायमान कर दिया और ग्यारह किलो का माला पहनाकर स्वागत किया। विधायिका डॉ श्रीमती सोनकर ने संकल्प कराते हुए भारत माता की नारे से गुंजायमान किया। उपस्थित लोगों ने उनके मुखार बिन्दु से भाषण सुनकर सराहना की।






# पीएम बोले इंडी गठबंधन की डूब रही है नाव कांग्रेस व सपा ले रही झूठ का सहारा

## परेड ग्राउंड में उमड़ा जन सैलाब, मोदी मोदी से गूंजता रहा परेडग्राउंड सभास्थल

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को परेड ग्राउंड में जनसभा को संबोधित किया। इलाहाबाद से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और फूलपुर से प्रत्याशी प्रवीण पटेल को जिताने की अपील करते हुए मोदी ने कहा कि सपा शासन काल में इलाहाबाद में दिन दहाड़े गोली और बम चलते थे। व्यापारी असुरक्षित महसूस करते थे। आज भाजपा सरकार माफिया के महलों को ढहाकर वहां गरीबों के लिए मकान बनवा रही है। उन्होंने कहा कि सपा शासन काल में जाति देखकर नौकरी मिलती थी। यूपीपीएएसी का नाम बदलकर परिवार सर्विस कमीशन रख दिया गया था। सपा-कांग्रेस सरकार में प्रयागराज के साथ काफी भेदभाव किया गया था। वोट बैंक के लालच में यह लोग कुंभ की व्यवस्था ठीक तरीके से नहीं करते थे। मोदी ने कहा कि चौबीस का चुनाव तय करेगा कि भारत के भविष्य की त्रिवेणी किधर से बहेगी। पीएम ने करीब 22 मिनट तक भाषण दिया। राम मंदिर के मुद्दे पर भी विपक्ष को घेरा।

अब एक्सप्रेस वे और डिजिटल इंडिया से होती है भारत की पहचान पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत तेजी से बदल रहा है। विश्व पटल पर भारती की पहचान अब एक्सप्रेस वे से होती है. इंफ्रास्ट्रक्चर से होती है। भारत की डिजिटल टैक्नोलॉजी लेने के लिए विदेशी भी लालायित हैं। भारत आज भारत दुनिया में अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। यहां की टी-ट्वेंटी से दुनिया हैरान।

**पीएम ने कहा अलग है प्रयागराज का मिजाज :**

पीएम ने कहा कि प्रयागराज का मिजाज हर जगह से अलग है। यहां के लोग किसी से दबकर रहते हैं न किसी से डरकर रहते हैं। जो जिंदादिली मैने में प्रयागराज के लोगों में देखी है वह कम ही देखने को मिलती है। यही मिजाज आज के भारत का मिजाज है। भारत आज तेजी से बढ़ रहा है। हर देशवासी खुश है। सपा-कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों को यह बात हजम नहीं हो रही है। कांग्रेस के शहजादे भारत को गाली देने के लिए विदेश जाते हैं। इंडी गठबंधन का एजेंडा है कि वह सत्ता में आए तो कश्मीर से आर्टिकल 370 और सीएए खत्म कर देंगे।

**सपा-कांग्रेस को कुंभ से ज्यादा वोट बैंक की चिंता :**

पीएम ने कहा कि सपा-कांग्रेस को कुंभ से ज्यादा वोट बैंक की चिंता रहती है। इंडी गठबंधन वालों से विकास नहीं हो सकता। सपा-कांग्रेस के समय कुंभ में भगदड़ मच जाती थी। इनका सुशासन और हमारी आस्था से छत्तीस का रिश्ता है। सपा और कांग्रेस ने तुष्टीकरण का कंपटीशन होता था। इन लोगों ने राम मंदिर का बहिष्कार किया। यह लोग सत्ता में आए तो अगले साल होने वाले कुंभ को क्या अच्छे से होने देंगे। पीएम ने कहा कि आजह हर गांव और जनपद को एक बराबर और भरपूर बिजली मिल रही है। पहले किसानों को सिंचाई के लिए रात भर जागना पड़ता था। दुकान के बाहर जनरेटर का शोर होता था। भाजपा शासन काल में समस्या खत्म हो गई है। प्रयागराज, रायबरेली, लखनऊ फोरलेन हाईवे, गंगा एक्सप्रेस, हल्दिया से प्रयागराज तक वाटर वे, अम्रत स्टेशन, वंदे भारत ट्रेन, हर क्रांसिंग पर ओवर ब्रिज, अंडर पास, गंगा आईकोनिक केबिल, बमरौली का कायाकल्प सब भाजपा सरकार की देन है। पहले इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती थी।

**पीएम बोले- सपा ने प्रतिभाओं को किया बर्बाद :**

प्रधानमंत्री ने युवाओं की नब्ज टटोलते हुए कहा कि प्रयागराज शिक्षा का बड़ा केंद्र। यहां के युवा कभी भूल नहीं सकते कि सपा कैसे उनके सपनों का सौदा करती थी। योग्यता की कद्र नहीं होती थी। किसी और की नौकरी किसी और को मिलती है। जाति देखकर नौकरी दी जाती थी। घूसखोरी चरम पर थी। यूपीपीएससी को परिवार सर्विस कमीशन बना दिया गया था। कितनी प्रतिभाओं का भविष्य बर्बाद कर कर दिया था।.इंडी की नाव डूब रही है। इनका सहारा झूठ ही है। संविधान को खतरा बताकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। इंदिरा गांधी ने आपात काल लगाकर लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास किया। हाईकोर्ट ने उनके चुनाव को रद्द कर उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया था।

**केशव बोले- मोदी गरीबों के मसीहा :**

केशव ने कहा- मोदी जी गरीबों के मसीहा हैं। गुंडों के हमदर्द कांग्रेस सपा और बसपा हैं। मोदी पहले ऐसे पीएम हैं, जिन्होंने इसी प्रयागराज में कुंभ में सफाईकर्मियों के चरण छूए थे। पीएम ने 80 करोड़ लोगों के पेट की भूख को शांत करने का काम किया। 4 करोड़ पीएम आवास देने का काम किया।

## न्यूज झरोखा

### नैनी से बाइक रैली व भांगड़ा बजाते हुए पहुंचे प्रधानमंत्री की जनसभा में



**नैनी।** नैनी लोकसभा चुनाव का प्रचार लगातार जारी है। भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ताबड़तोड़ जनसभाएं कर रहे हैं। मंगलवार को पीएम मोदी प्रयागराज पहुंचे जहाँ उन्होंने एक बड़ी जनसभा को सम्बोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव तय करेगा कि भारत के भविष्य की त्रिवेणी किस तरफ बहेगी। इस अवसर पर नैनी चक रघुनाथ वार्ड नंबर 20 के पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी के साथ भांगड़ा बजाते हुए नैनी के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए। परेड ग्राउंड पहुंचें प्रधानमंत्री के विशाल जनसभा को सफल बनाने के लिए पार्षद राकेश जायसवाल ने नारा लगाते हुए योगी मोदी जिंदाबाद अबकी बार 400 पर। इस अवसर पर लक्ष्मीकांत तिवारी हरे कृष्णा तिवारी बबलू मंडल अध्यक्ष दिलीप केसरवानी रविंद्र त्रिपाठी जय किशन तिवारी धर्मराज पटेल पिंटू जैन आकाश धीरज केसरवानी राजेश गौड़ सोनू मिश्रा राजेश शर्मा दिनेश केसरवानी संजू रावत पंकज खुराना राजेश गौड़ धीरज केसरवानी सोनू गोस्वामी सुरेंद्र गुप्ता अकबर प्रिंस भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नैनी श्रमिक बस्ती के प्रतनिध्व मण्डल ने मंत्री को ज्ञापन दिया



**नैनी।** नैनी श्रमिक बस्ती नैनी की प्रतनिध्व मण्डल विधायक करछना पीयूष रंजन निषाद के नेतृत्व मे श्रम एवं रोजगार मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार अनिल राजभर श्रमिक बस्ती के मालिकाना हक के संबंध भारत सरकार के द्वारा 1976 में किए हुए आदेश का अनुपालन करते हुए मंत्री को ज्ञापन दिया गया और मंत्री के समक्ष संतोष जनक वार्ता हुई। प्रतनिध्व मण्डल में मुख्य रूप से शिवशंकर दीक्षित, श्रीप्रकाश शुक्ल, इंद्र नारायण पांडेय, राम प्रसाद शर्मा, पंकज मिश्रा, प्रमोद दूबे, वामिक, संजय गुप्ता, सुनील गुप्ता, मुकेश जी, शत्रुघ्न पांडेय, शाहिद जी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### रोस्टेड चिकन ना देने पर बावर्ची पर चलाई गोली

**झूंसी।** मालवा खुर्द स्थित एक गेस्ट हाउस में विवाह समारोह के दौरान रोस्टेड चिकन ना देने पर कुछ लोगों ने बावर्ची की पिटाई कर दी आरोप है कि इस दौरान एक युवक ने बावर्ची के कनपटी पर पिस्तौल सटाकर गोली चला दी गनीमत रही थी फायर नहीं हुआ। पूरा मामला वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस जांच कर रही है। मलामा खुर्द निवासी चांद बाबू बावर्ची का काम करता है मालवा स्थित एक गेस्टहाउस में सोमवार को शादी समारोह में खाना बनाने गया था क्षेत्र का ही एक युवक अपने कुछ साथियों के साथ पहुंचा और रोस्टेड चिकन की मांग करने लगा चांद बाबू ने बताया कि रोस्टेड चिकन खत्म हो गया है तो वह नाराज हो गया और गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर उसके साथ आए अन्य लोग चांद बाबू के साथ मारपीट करने लगे आरोप है कि उसमें से एक युवक ने पिस्तौल निकाली और कि कनपटी पर पिस्टल रखकर टाइगर दबा दिया पर गोली नहीं चली जिसकी वजह से उसकी जान बच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस में सीसीटीवी फुटेज खगाला। पीड़ित में मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की है हालांकि अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

### गाड़ी से टक्कर लगने पर युवती को पीटा

**झूंसी।** नई झूंसी मल्लाही टोला की रहने वाली एक युवती ने क्षेत्र के एक युवक के द्वारा बदसलूकी व माँ के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से लिखित शिकायत की। पीड़िता ने बताया कि वह अपनी बहन के साथ जा रही थी रास्ते में क्षेत्र के एक युवक की गाड़ी से टक्कर हो गई जिससे आगबबूला युवक युवती से मारपीट करने लगा विरोध करने पर उसने अभद्राबाद की मां उलाना देने पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई पुण्यतिथि



**नैनी।** नैनी कांग्रेस पार्टी के चुनाव कार्यालय काटन मिल पर शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष नयन कुशवाहा के आवास पर देश में 18 वर्षीय नौजवानों को मत अधिकार दिलाने में अहम भूमिका निभाने के साथ साथ देश में संचार क्रांति को बढ़ावा देने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है,देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने देश के नौजवानों को लेकर जिस तरह से एक एतिहासिक फैसला लिया था आज उन्ही की देन हैं कि देश का नौजवान भी होने वाले हर चुनाव में अपने मतदान के अधिकार का फैसला लेकर नौजवानों को बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान दिया है और देश भर संचार की क्रांति को जोड़कर एक दूसरे के भावनाओं को एक दूसरे तक पहुंचाने में प्रबल योगदान भी दिया है। स्वर्गीय राजीव गांधी की सेवा करने के योगदान को देखते हुए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित भी किया गया था। आज उन्हीं के सफल योगदान के चलते आज हम सब अपनी बातों को और भावनाओं को एक दूसरे व्यक्ति तक एक संदेश के रूप में प्रसारित करते हैं जो संचार क्रांति का एक बहुत बड़ा प्रबल संसाधन है और इस प्रबल संसाधन को बनाने में देश के पूर्व प्रधानमंत्री जी ने जो स्वर्णिम योगदान दिया था उसे देश का नौजवान ही नहीं बल्कि देश की जनता भी एक यादगार के रूप में मानती है और आज हर वक्त हर कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी के लिए एक अलग तरह का सम्मान भी बना हुआ है और आज उनकी पुण्यतिथि को पूरे धूमधाम के साथ मनाने के लिए दिल्ली के कांग्रेस जनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करके पूर्व प्रधानमंत्री जी के पुण्यतिथि को मनाते हुए उन्हें याद करने के साथ-साथ अपने हृदय से खुले नमन किया है और खुले मन से कांग्रेस के सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं ने कहा कि देश के अंदर जिस तरीके का योगदान स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने योगदान दिया था उसे देश देश के लोग कभी भी भूल नहीं सकते हैं इसीलिए देश के लोगों में स्वर्गीय राजीव गांधी जी के प्रति एक आदर्श और प्रेम की भावना आज भी बनी हुई है और लोग स्वर्गीय राजीव गांधी जी को एक आदर्श प्रधानमंत्री के रूप में मानते हुए उनके पुण्यतिथि पर उन्हें अपने-अपने हृदय के अंतरात्मा से श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी पुण्यतिथि को मनाते हैं। इस पुण्यतिथि को मनाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शहर कांग्रेस के उपाध्यक्ष नयन कुशवाहा, शहर उपाध्यक्ष विवेक कुमार पाण्डेय, शहर महासचिव राकेश श्रीवास्तव, अंजुम नाज, शहर सचिव अशोक सोनी, शंकर प्रसाद मिश्रा, इंजीनियर विजय कुशवाहा, पं वीरेंद्र शर्मा, प्रदीप वर्मा, वार्ड अध्यक्ष राज कुमार कुशवाहा,जमाल अख्तर, दुलारे, मुन्ना जाफरी, निजाम उद्दीन, नागेश भारतीय , राजू भारतीय, वीरेंद्र यादव, अन्नू शुक्ला, ऊषा गौड़, इंदुबाला चौधरी, उर्मिला आदिवासी, नाटे,पास्टर विनोद जैकब समाजवादी पार्टी के शहर दक्षिणी विधान सभा सचिव धीरू यादव सहित अन्य कई गणमान्य और कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का सैलाब शामिल रहा है।

# आसान नही इलाहबाद संसदीय सीट की अंकगणित को समझना

## इलाहाबाद 52 संसदीय क्षेत्र त्रिकोणीय भंवर में, बसपा के ओबीसी कार्ड ने भाजपा और कांग्रेस की बढ़ाई मुश्किलें

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** जैसे जैसे मतदान की तिथि निकट आती जा रही है वैसे वैसे प्रत्याशियों और उनके समर्थको में बेचैनी बढ़ती जा रही है। एक ओर भारतीय जनता पार्टी ने इलाहबाद संसदीय क्षेत्र से पंडित केसरीनाथ त्रिपाठी के सुपुत्र नीरज त्रिपाठी को मैदान में उतारा है तो दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के कांग्रेस से अपर हिंदू कार्ड चलकर रेवती रमण सिंह के सुपुत्र पूर्व मंत्री उज्वल रमण को प्रत्याशी बनाया है तो एकला चलो की राह पर बहुजन समाज पार्टी ने ओबीसी प्रत्याशी रमेश पटेल को प्रत्याशी घोषित कर भाजपा और इंडिया गठबंधन की मुश्किलें बढ़ा दी है। प्रयागराज की दोनो सीटे इतनी महत्वपूर्ण है कि इंडिया गठंबधन के राहुल गांधी, अखिलेश यादव ने दो बड़ी जन सभाएं की तो भाजपा ने पीएम, सीएम सहित बड़े बड़े नेताओ का कैंप लगाकर दोनो सीट जीतने की पूरी ताकत झोंक दी है। चुंकि बहुजन समाज पार्टी का इलाहाबाद 52 संसदीय सीट से पटेल समाज का उम्मीदवार होने से काग्रेस और भाजपा को जातीय समीकरण अंकगणित का फामूर्ला चिंता की लकीरें बढ़ा दी है। बारा, मेजा, कोरांव विधान सभाओं में ओबीसी की एक विशेष जाति की भारी संख्या ने बसपा प्रत्याशी को त्रिकोणीय चुनाव की स्थिति बनती जा रही है। एक ओर भाजपा और कांग्रेस के मजबूत फारवर्ड प्रत्याशी है तो दूसरी ओर बसपा का ओबीसी प्रत्याशी होने के मुद्दा विहीन चुनाव जातियों के समीकरण में परिवर्तित होते दिख रहे है। देखना होगा कि जनता किसे अपना आशीर्वाद देकर अपना प्रतिनिधि चुनती है। यह तो चार जून को नतीजे घोषित होने के बाद पता चलेगा कि जनता ने किसे स्वीकार किया किसे रिजेक्ट किया। मंगलवार को बसपा ने कोरांव, मेजा, करछना, बारा और दक्षिणी विधानसभा में चुनावी रणनीति बनाने के लिए मुख्य चुनाव इंचार्ज चांद मोहम्मद अकरम, चुनाव इंचार्ज रामबृज गौतम, रमेश गौतम, मनोज पाल और धर्मेंद्र पटेल ने सामूहिक रूप से बताया की सेक्टर बूथ का हर पदाधिकारी रमेश पटेल को प्रत्याशी न मानकर स्वयं अपने आप को प्रत्याशी माने और बहन मायावती को प्रधानमंत्री बनाने के लिए बूथ, सेक्टर को जिताकर विधानसभा को जिताना है। विधानसभा को जिताकर प्रत्येक लोकसभा सीट जिताकर बहुजन समाज को देश का हुक्मरान और शासक बनाना है। बैठक में चांद मोहम्मद अकरम, रामबृज गौतम, रमेश गौतम, मनोज पाल, धर्मेंद्र पटेल, अभयराज सिंह, जमुना प्रसाद, ईर्ष्या कपूर, संतोष कुमार (मुन्ना), रामचन्द्र, राजनरायन गौतम, बुद्धि प्रकाश, रोशन लाल विद्यार्थी के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।






# मेजा ऊर्जा निगम में बालिका सशक्तिकरण अभियान 2024 की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का हुआ आगाज

**अखंड भारत संदेश**

**परियोजना प्रभावित आस पास क्षेत्रों की 40 बालिकाओं का चयन कर एक माह तक कार्यशाला दिया जाएगा प्रशिक्षण**

**बेटियों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए निगम है प्रतिबद्ध : कमलेश सोनी**

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बालिका सशक्तिकरण अभियान की एक माह लंबी ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 2024 का आगाज प्रारम्भ कर दिया है जिसका उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कमलेश सोनी ने किया। कार्यशाला का इस वर्ष का थीम हौसलों की उड़ान रखा गया है। उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर कार्यशाला में उपस्थित सभी बालिकाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि बालिका

सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला एनटीपीसी के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत आयोजित होने वाली एक अनुकरणीय पहल है जिसमे हर वर्ष परियोजना प्रभावित क्षेत्रों से हर स्टेशन के 40 बालिकाओं को चयनित कर उन्हें ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में एक महीने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करता है। तत्पश्चात उनमें से 10 प्रतिशत बालिकाओं की आगे की पढ़ाई एनटीपीसी निशुल्क पूरी करवाता है। उन्होंने आगे कहा कि हर वर्ष पूरे देश भर में से 3000 से अधिक बालिकाओं को इस अभियान के तहत प्रशिक्षित किया जाता है जिसके क्रम में इस वर्ष मेजा ऊर्जा निगम एक माह के प्रशिक्षण में बालिकाओं को पर्स्नालिटी डेव्लपमेंट, थिएटर, योग एवं कम्प्यूटर जैसे कई अन्य आधुनिक गतिविधियों को सिखाया जाऐगा जिससे सभी बालिकाओ के व्यक्तित्व को निखार कर उनको उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ाया जा सकें। कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में आए हुए अभिभावकों से अनुरोध एवं उनका आभार प्रकट करते हुए निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सोनी ने कहा यह बेटियाँ आपके घर की ही नहीं बल्कि इस देश की धरोहर हैं और हम सबको मिलकर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने के हर संभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा बेटियाँ आज के आधुनिक युग में हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं इसलिए हमें भी उनपर विश्वाश करके प्रगति के मार्ग में आगे बढ़ा कर आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। इतना ही नहीं श्री सोनी यह भी कहा कि भारत सरकार बेटियों को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है जिसके मद्देनजर निगम भी उसी दिशा में इस अनोखी पहल की शुरूआत किया है। उनका मानना है कि आसपास के समुदायों के उत्थान के लिए मेजा ऊर्जा निगम पूरी तरह पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि एवं एनटीपीसी लिमिटेड के क्षेत्रीय मानव संसाधन विभागाध्यक्ष ( उत्तर क्षेत्रीय मुख्यालय ) डा अनिल कुमार डेंग ने भी कार्यशाला में शरीक होकर बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों का हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा श्रीमती अनु सोनी ने भी बालिकाओं के आवासीय परिसर का निरीक्षण कर सभी सुविधाओं को सुनिश्चित किया। अध्यक्षा श्रीमती सोनी ने सभी बालिकाओं के आत्म-विश्वास को बढ़ाते हुए सभी को आश्वस्त किया और कहा बेटियों को यहां किसी भी तरह की कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होने मंच से अभिभावकों को भी संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाए उन्हे बोझ न समझें । इस मौके पर निगम के सभी विभागाध्यक्ष, अपराजिता महिला समाज की उपाध्याक्षाएं , सीएसआर टीम, ग्राम प्रतिनिधि, अभिभावक एवं बालिकाओं के अलावा अन्य स्टाफ के लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## बिजली कटौती से मचा हाहाकार अधिकारी बेलगाम




**बिजली विभाग के 90 प्रतिशत अधिकारी कर्मचारी प्रयागराज में करते हैं निवास, अधिकारियों के चेंबर के आगे पीछे पूरे दिन अधिकारी के दलाल बिजली उपभोक्ता से करते हैं वसूली**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर सहित पूरे जिले के नगर कस्बा ग्रामीण क्षेत्र में बिजली कटौती से हाहाकार मच गया है बिजली विभाग के कर्मचारी बार बार बिजली की कटौती कर देते हैं बार-बार बिजली की ट्रिपिंग की जाती है स्थिति इतनी खराब है कि दो दो तीन-तीन मिनट के अंतराल में दर्जनों बार बिजली काट दी जाती हो फिर चालू कर दी जाती है जिससे आम जनता परेशान हो गई है लोग रात रात भर बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं बार-बार ट्रिपिंग किए जाने से फाल्ट की समस्या बढ़ गई है और उपभोक्ताओं के घर के बिजली उपकरण बेवजह खराब हो रहे हैं लेकिन उसके बाद बिजली विभाग के निरंकुशता पर अंकुश लगाने वाले तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे हैं। बार बार ट्रिपिंग के साथ बिजली की लो वोल्टेज की समस्याएं भी बढ़ गई है जिससे विद्युत उपकरण ठीक से काम नहीं कर रहे हैं लेकिन लो वोल्टेज की समस्या को सुधार करने का प्रयास बिजली विभाग के अधिकारी नहीं कर रहे हैं अधिकारियों की स्थिति इतनी खराब है कि वह तैनाती स्थल छोड़कर प्रयागराज शहर भाग जाने को अधिक उतावले दिखाई पड़ रहे हैं सूत्रों की माने को बिजली विभाग के 90 प्रतिशत अधिकारी और कर्मचारी प्रयागराज में निवास करते हैं और दोपहर बाद वह लक्जरी वाहन से कार्यालय पहुंचते हैं फिर वाहन के खर्च निकालने के लिए उपभोक्ताओं से वसूली करते हैं और शाम होने के पहले ही वह कार्यालय छोड़कर के फिर प्रयागराज चले जाते हैं जिससे कौशांबी के उपभोक्ताओं की समस्याओं से उनका कोई वास्ता नहीं होता है पूरे जिले के बिजली सप्लाई चौपट हो चुकी है आम जनता परेशान दिखाई पड़ रही है लेकिन उसके बाद भी बेलगाम कौशांबी के बिजली अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे आम जनता के अंदर आक्रोश फैल रहा है और कभी भी सड़क पर जनता आंदोलन कर सकती है मामले को लेकर के विद्युत विभाग के अध्यक्ष और एमडी तक शिकायत हो चुकी है जिससे बिजली विभाग के कौशांबी के अधिकारी गुस्से में दिखाई पड़ रहे हैं और शिकायतकताओं से खीझ निकालने को तैयार है बिजली बिल के निर्धारण में भी मनमानी तरीके से रीडिंग दिखाई जाती है और फिर बिजली बिल ठीक करने के नाम पर उपभोक्ताओं से वसूली शुरू होती है अधिकारियों के चेंबर के आगे पीछे पूरे दिन अधिकारी के दलाल बिजली उपभोक्ता से वसूली करते हैं सूत्रों की माने तो एक दर्जन दलाल के माध्यम से करोड़ों रुपए महीने महीने की वसूली उपभोक्ता से विभाग में हो रही है आधा दर्जन कर्मचारी भी अधिकारियों की इस वसूली में हिस्सेदारी है देखते-देखते इन कर्मचारियों के पास करोड़ों की संपत्ति अर्जित हो गई है और अधिकारी ईमानदारी की दुहाई देते हैं पूरा बिजली विभाग का कार्यालय दलालों के चंगुल में है इस बात का प्रमाण सीसीटीवी कैमरे कर रहे हैं लेकिन उसके बाद दलालों को संरक्षण देने वाले अधिकारियों पर योगी सरकार और उनके अधिकारियों ने कार्यवाही नहीं की है सिस्टम खराब होने का खामियाजा आम उपभोक्ता भोग रहा है।

## एक सप्ताह से बिजली बाधित फूटा ग्रामीणों का आक्रोश जमकर जताया विरोध

**बार-बार विद्युत कटौती से गर्मी उमस में जीने को मजबूर हुए उजिहनी खालसा गांव के उपभोक्ता**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** चायल तहसील के उजिहनी खालसा गांव में एक सप्ताह से विद्युत सप्लाई बाधित होने से गांव वालों का आक्रोश फैल गया और ग्रामीणों ने नारेबाजी घेराव और आंदोलन शुरू कर दिया उपभोक्ताओं द्वारा जमकर विभाग के विरोध में नारेबाजी की गई और अधिकारियों कर्मचारियों के बारे में तरह-तरह की बातें ग्रामीण करते रहे लेकिन उसके बाद भी बिजली सप्लाई बहाल नहीं हुई है पावर हाउस छोड़कर अधिकारी गायब हो जाते हैं संविदा कर्मियों के सहारे पूरी व्यवस्था छोड़ दी जाती है जिससे आज जनता को परेशानी झेलनी पड़ रही है जिले छोड़कर गायब रहने वाले अधिकारियों पर अंकुश लगाने में अफसर भी निरंकुश हो गए है बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस समय पूरे जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश के अधिकारी बेलगाम हो गए लेकिन योगी सरकार बिजली विभाग के अधिकारियों पर अंकुश लगाने में फेल दिखाई पड़ रही है सरकार चाहे जितने दावे कर ले कि प्रदेश में हर गांव गली मोहल्ले में लोगो को अच्छी बिजली दी जाती है किन्तु महगांव के पास पैगम्बरपुर पॉवर हाउस के आला अधिकारी इन दावे का पोल खोलते नजर आ रहे है बिजली अधिकारियों की लापरवाही से कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं और बार-बार विद्युत कटौती की जाती है जिससे लोगों का जीना मुहाल है इन दिनों भीषण गर्मी का कहर जारी है और ऐसे में करीब एक सप्ताह में पैगम्बरपुर पॉवर हाउस फीडर के उजिहिनी खालसा गांव में बिजली नही आ रही है जिससे लोग गर्मी से बिलबिला रहे हैं और साथ ही अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है की उनके द्वारा संबंधित पॉवर हाउस के सहायक अभियन्ता को और उसमे काम कर रहे अधिकारियों कर्मचारियों से इस बारे में कई बार शिकायत की किन्तु ग्रामीणों की कोई सुनने वाला नहीं है। यहां तक पॉवर हाउस में काम करने वाले लाइन मैन व अन्य कर्मचारी केवल मजबूरी का फायदा उठाकर धन उगाही करते हैं बस, इस तरह की लापरवाही से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है जिन्होंने सोमवार की रात करीब 9 बजे पॉवर हाउस का घेराव कर दिया है। सहायक अभियन्ता की इस गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली को विधुत विभाग के उच्च अधिकारियों को देखना चाहिए और इस पर कार्यवाही होनी चाहिए, साथ ही ग्रामीणों की समस्या का समाधान जल्द से जल्द करना चाहिए।

## हाइटेंशन बिजली के पोल के पास मिला युवक का शव



**कौशाम्बी।** जिले में हाइटेंशन बिजली के पोल के पास युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई, हाई टेंशन बिजली के खंभे से बिजली की तार चोरी करने के दौरान करंट लगने से मौत की आशंका जताई जा अगर है, युवक के शव से कुछ दूर पर आरी ब्लेड मिला है। स्थानीय लोगो के अनुसार युवक हाई टेंशन पोल से बिजली की तार काटने की कोशिश कर रहा था,तभी उसकी करंट लगने से गिर कर मौत हुई होगी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच शुरू कर दी है। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र का है जहा बधवा में गांव के रहने वाले शिव मूरत पुत्र बुदुनी का शव गांव के बाहर वीराने में एक हाई टेंशन खंबे के पास मिला है। स्थानीय लोगो के अनुसार शव के पास आरी ब्लेड भी मिली है। इस बात की संभावना जताई जा रही है कि हो न हो युवक अपने अज्ञात साथियों के साथ हाई टेंशन तार को काटने की कोशिश कर रहा हो,तभी उसको करंट लग गया हो और उसकी मौत हो गई ,क्योंकि बिजली के खंभे से कुछ दूरी पर बिजली की हाई टेंशन तार भी गायब है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर शव को कब्जे में लिया, शव के करीब मिली आरी को भी पुलिस ने सबूत के तौर पर कब्जे में लिया है। पुलिस मृतक युवक की क्राइम हिस्ट्री सैनी थाना के रिकार्ड में तलाश रही है। थाना मंझनपुर पुलिस ने परिजनों से पंचायतनामा कर शव को कब्जे में लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ईट-भट्टे पर काम कर रहे मजदूर की आग में गिरकर हुई मौत

**कौशांबी के जीजा साले सहित 4 लोग निधौली कलां के ईट भट्टे गए थे मजदूरी करने**

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** जिले के अंसारपुर निवासी बृजेश कुमार अपने जीजा वा दो अन्य मजदूरों के साथ निधौलीकलां गांव नगला बरी स्थित आरवी ईट भट्टा पर मजदूरी करने गए थे ईट भट्टे पर मजदूरी के दौरान ईट भट्ठे की चिमनी की आग में बृजेश गिर गए हैं जिससे बृजेश कुमार की जलकर दर्दनाक मौत हो गई है मामले की सूचना जैसे ही परिवार के लोगों को मिली पूरा परिवार में कोहराम मच गया है। बताया जाता है कि ईट भट्टा पर सोमवार की दोपहर मजदूरी के समय बृजेश ईट भट्टे में कोयला झोक रहा था। वही संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर का पैर नाली में फंस गया जिससे वह निकल नहीं पाया और भट्टे में गिर गया जबकि कोयला झोकाई के वक्त चार मजदूर से अधिक काम पर लगाए जाते हैं उन मजदूरों के बयानों पर सवाल खड़े हैं उसके जीजा ने बताया कि कोयला झोकते समय भट्ठी का फाउंडेशन टूट गया जिससे मजदूर बृजेश का पैर फिसल गया और वह भट्ठी में गिर गया जिससे मजदूर की जलकर मौत हो गयी उसके जीजा का कहना है कि वह उस वक्त पानी पीने गया था लेकिन चश्मदीद जैसे बयान दे रहा है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम गृह भिजवा दिया हैं। मृतक बृजेश के साथ उसके गांव के चार लोग काम करते हैं भट्ठा मालिक अर्जुन सिंह पूर्व प्रधान ने मजदूर की मौत पर अफसोस जताया है' उसके साथ गए जीजा और अन्य मजदूर उसके शव को लेकर वापस गांव लौट आए हैं परिवार में कोहराम मचा है भट्ठा मजदूर की मौत पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं।

### न्यूज झरोखा

## फरियादियों की समस्याओं को पुलिस अधीक्षक ने सुना



**महेवा घाट कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक कौशांबी बृजेश श्रीवास्तव ने प्रतिदिन की तरह मंगलवार को भी पुलिस कार्यालय में पहुंचे फरियादमियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना और उनकी समस्याओं के निर्धारण के लिए संबंधित थानेदारों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता पर गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारित किया जाए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी आमजन की समस्याओं की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शासन की प्राथमिकता में फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण शामिल है और शासन की प्राथमिकता में शामिल बिंदुओं के निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने थानेदारों को अपराधों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया है।

## संपूर्ण थाना पुलिस ने किया क्षेत्र में पैदल गस्त

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद में शांति एवं सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद के संपूर्ण थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण किया गया और लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया थाना पुलिस बल द्वारा भीड़-भाड़ एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया तथा आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस बल ने वाहनों की चेकिंग की और लोगों को कानून का पाठ पढ़ाते हुए कानून का पालन करने के लिए कहा इस दौरान थाना पुलिस बल ने अपराधियों को कड़ी चेतावनी दी है और कहा कि वह अपना छोड़ दे वरना उनकी खैर नहीं होगी। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को चेक किया गया एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों का ई-चालान किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए उनके पालन हेतु जागरूक किया गया।

## महिलाओं बालिकाओं को कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी दी

**कौशाम्बी।** महिला थाना पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को कस्बा मंझनपुर में भ्रमण कर महिलाओं बालिकाओं को कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी दी गई एवं महिला पुलिस टीम द्वारा उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं का निस्तारण किया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090,1076,112,108,102,181,1930 की जानकारी महिला पुलिस ने महिलाओं बालिकाओं को दी और उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया महिला थाना की पुलिस टीम द्वारा मेला क्षेत्र में भ्रमण कर बालिकाओं/महिलाओं को नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलम्बन के सम्बन्ध में विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1076,1090,1930,1098,181,112 आदि के बारे में जागरूक किया गया।

## पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आधुनिक भारत के रचयिता थे राजीव गांधी

**राजीव गांधी के पुण्यतिथि पर भी नहीं एकत्रित हो सके आधा दर्जन कांग्रेसी नेता**

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर वक्ताओं ने उनके आदर्शों और सिद्धांतों पर चर्चा की है हालांकि लोकसभा चुनाव के चलते राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस के आधा दर्जन नेता भी एकत्रित नहीं हो सके हैं स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय मंझनपुर में आयोजित संगोष्ठी में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू की अगुवाई में बैठक संपन्न हुई , बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू ने राजीव गांधी को भारत को आधुनिक भारत बनाने वाला नेता बताया ,उन्होंने कहा कि राजीव गांधी दूरदर्शी नेता थे उनकी दूरदर्शिका आज 21वीं सदी में दिखाई दे रही है जो उन्होंने भारत को विकसित भारत का सपना देखा था वह संकल्प आज पूरा हो रहा है बैठक को संबोधित करते हुए मीडिया क्वार्डिनेटर कौशलेश द्विवेदी ने बताया की स्व0 राजीव गांधी ने युवाओं को मतदान करने का हक प्रदान किया था और 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार का अधिकार दिया था स्व0 राजीव गांधी की सोच दूरदर्शी नेता की थी और उन्होंने देश को कंप्यूटर , इंटरनेट जैसी आधुनिक सुविधाओं की सौगात दी जिससे देश को आगे बढ़ने में पूरी मदद मिली।

## पार्टी का एजेंट बनकर थानेदार ने मतदान प्रक्रिया में डाला व्यवधान

**रानीपुर गांव में पोलिंग बूथ पर नियुक्त सपा एजेंट को भाजपा के इशारे पर मतदान प्रक्रिया के बीच लाल कार्ड थमा कर बूथ से बाहर करके वोटिंग में गड़बड़ी का गंभीर आरोप**

**कौशाम्बी।** कानून के रखवाले जब चापलूसी करते हुए सत्तासीन दल के नेताओं के तलवे चाटने लगते हैं तो फिर कानून के ऊपर से लोगों का भरोसा तार तार हो जाता है लोकतंत्र में यह बहुत ही चिंता का विषय है कौशांबी जिले में लोकसभा चुनाव के लिए बीस मई को हुए मतदान के दिन पुलिस की कारस्तानी देखकर लोगों के बीच तरह-तरह की चचाएं चल रही है`पुलिस की कार्रवाई पर उंगलियां उठ रही हैं लोगों ने महेवाघाट पुलिस के ऊपर सबसे ज्यादा पक्षपात और चापलूसी का आरोप लगाया है इलाके के रानीपुर गांव में पोलिंग बूथ पर नियुक्त सपा एजेंट को भाजपा के इशारे पर मतदान प्रक्रिया के बीच लाल कार्ड थमा कर बूथ से बाहर करके वोटिंग में गड़बड़ी का गंभीर आरोप है। लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में बीस मई को कौशाम्बी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में ईवीएम मशीनों की खराबी और वोटर लिस्ट में नाम गायब होने की तमाम शिकायतों के बीच मतदान हुआ` इस दौरान जहां एक ओर जिला प्रशासन के ऊपर बदइंतजामी के आरोप लगाए गए हैं वहीं दूसरी तरफ पुलिस के ऊपर संविधान और सत्य निष्ठा की शपथ भूल कर सत्तासीन भाजपा की चाकरी करने का कलंक माथे पर लगा है लोगों के बीच चचाएं हैं कि इससे पहले कभी भी पुलिस ने इतना अधिक पक्षपात पूर्ण ढंग से कानून को ताक पर रखकर काम नहीं किया है अपनी कुर्सी बचाने के लिए थानेदारों ने कानून की जमकर धज्जियां उड़ाई हैं`यदि उनके कारनामों की निष्पक्ष जांच हुई तो आने वाले दिनों में ऐसे कर्मियों को गंभीर परिणाम भुगतने ने पड़ सकते हैं। जानकारी के मुताबिक महेवाघाट थाना क्षेत्र के रानीपुर गाँव में उच्च प्राथमिक विद्यालय के पोलिंग बूथ में समाजवादी पार्टी ने गांव के ही बैजनाथ को पोलिंग एजेंट बनाया था`सुबह सात बजे वोटिंग शुरू होने के करीब तीन घंटे बाद महेवाघाट पुलिस ने बूथ पर पंहुच कर बैजनाथ को लाल कार्ड थमाते हुए बूथ से बाहर जाने का फरमान जारी कर दियो मामले की जानकारी मिलने पर सपा प्रत्याशी के अभिकर्ता भोलानाथ सरोज मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों से थानाध्यक्ष महेवाघाट के ऊपर पक्षपात का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई उनका कहना था कि बैजनाथ के ऊपर पूर्व में कभी भी चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने की कोई शिकायत नहीं है और ना ही कोई मुकदमा दर्ज है आखिर पुलिस ने किस आधार पर लाल कार्ड जारी किया है ?यह बताया जाए` इसके साथ ही लाल कार्ड वोटिंग के दिन से पहले संबंधित को दिया जाता है लेकिन वोटिंग के दिन पोलिंग एजेंट बनने के बाद बैजनाथ को दोपहर में लाल कार्ड कैसे दिया गया है? मौके पर मौजूद महेवाघाट पुलिस के पास इन सवालों का कोई जवाब नहीं देते बना`काफी देर तक गर्मागर्म बहस का सिलसिला चलता रहो सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज का कहना है कि जनता ने भाजपा को नकार दिया है अपनी पराजय देखकर भाजपा प्रत्याशी और उनके कार्यकर्ता संविधान की मयार्दा को तार तार करके किसी भी तरह से जनादेश को ठोकर मार कर जीत हासिल करने की कोशिश में जुटे हुए हैं।

## पश्चिम शरीरा पुलिस ने पैदल-गश्त कर संदिग्धों से की पूछताछ

**महेवाघाट कौशाम्बी।** क्षेत्र में शांति, सुरक्षा व कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में मंगलवार की शाम पश्चिम शरीरा थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह द्वारा पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्रांतर्गत कस्बा पश्चिम शरीरा सहित मुख्य मार्ग चौराहा बाजार व संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त किया गया। गश्त के दौरान थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह ने आमजन व व्यापारियों से वार्ता करते हुए सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें, ऐसी किसी भी जानकारी पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा के अषाढ़ा चौकी प्रभारी मनीष पाल व उप निरीक्षक सुभाष द्वारा पुलिस बल के साथ अषाढ़ा चौराहा, समेत विभिन्न स्थानों पर पैदल गश्त किया गया। तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करते हुए आने-जाने वाले वाहनों की चेकिंग की और लोगों को कानून का पाठ पढ़ाया इस दौरान पुलिस बल मौजूद रहा

## उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी झोलाछाप डॉक्टर पर मेहरबानी बनाए हैं स्वास्थ्य विभाग

अखंड भारत संदेश

**हर्रायपुर कौशांबी।** झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई करने का निर्देश बहुत पहले से उच्च न्यायालय दे रखा है लेकिन उसके बाद भी झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक अस्पताल संचालित हो रहे हैं जिस पर उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल कर गलत तरीके से संचालित अस्पताल पर कार्रवाई की मांग की गई उच्च न्यायालय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया एक अस्पताल संचालक पर तो डिप्टी सीएमओ ने मुकदमा दर्ज करा दिया है लेकिन दूसरे संचालक पर अभी भी स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी बनी हुई है जिससे यह अस्पताल अभी भी संचालित हो रहा है उच्च न्यायालय के आदेश के बाद कौशांबी डिप्टी सीएमओ ने कोखराज थाना में आदर्श पाली क्लीनिक के संचालक ज्ञान सिंह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है डिप्टी सीएमओ ने अस्पताल को सीज कर दिया लेकिन गुपचुप तरीके से यह अस्पताल अभी भी संचालित हो रहा है जानकारी के अनुसार पार्टनरशिप पर दो संचालक यह अस्पताल चला रहे थे डिप्टी सीएमओ ने एक संचालक के ऊपर करवाई करने के लिए कोखराज पुलिस को पत्र लिखा है दूसरे संचालक से मोटी रकम लेकर उसे छोड़ दिया गया है डिप्टी सीएमओ की कार्रवाई के बाद अस्पताल की महिला संचालक परेशान दिखाई पड़ रही हैं वह सीएमओ से लेकर पत्रकारों के बिरुद्ध ऊँट पटाँग की बयान बाजी कर रही हैं यह अस्पताल लूट का अड्डा बना हुआ है बिना रजिस्ट्रेशन के अस्पताल का संचालन हो रहा है जिसका प्रमाण डिप्टी सीएमओ ने भी तहरीर में दिया है।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 10 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में 10 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। करारी थाना पुलिस ने 06 अभियुक्तों को जेल भेजा है। सराय अकिल थाना पुलिस ने 02 कड़ाधाम थाना पुलिस 01 तथा थाना मो०पुर पइन्सा 01 कुल विभिन्न थाना क्षेत्र से कुल 10 अभियुक्तों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गई है।

## दूसरी युवती को लेकर पति उड़ा रहा गुलछर्रे दो बच्चों के साथ पहली पत्नी खा रही ठोकर

**8 वर्षों पहले युवती ने दूसरी बिरादरी के युवक के साथ किया था प्रेम विवाह**

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के भगवानपुर पुलिस चौकी के अंतर्गत दरहा गांव के मनोज कुमार पुत्र देशराज ने दूसरे गांव की एक बालिका को प्रेम जाल में फंसा कर घर से भाग गया था और जब बालिका के परिवार वालों ने पुलिस पर दबाव बनाया तो पुलिस ने आरोपी युवक कर उसके परिवार वालों पर दबाव बनाया पुलिस के दबाव से बचने के लिए मनोज ने बालिका के साथ वर्ष 2016 में प्रेम विवाह किया था दोनों के बीच दो बच्चे हुए 6 वर्षों तक तो सब कुछ ठीक-ठाक चला रहा लेकिन अब मनोज का मन अपनी प्रेमिका से भर गया और उसने दूसरी युवती पर डोले डालना शुरू कर दिया दूसरी युवती भी मनोज के प्रेम जाल में फंस गई जिस पर पहली पत्नी और बच्चों को छोड़कर मनोज दूसरी युवती को साथ में लेकर कई महीनो से सराय अकिल में रह रहा है प्रेमी से पति बने मनोज की बेवफाई से पहली पत्नी और उसके बच्चे परेशान है दर दर की ठोकर खा रही हैं कई बार मामले की सूचना पुलिस चौकी और थाना पुलिस को महिला ने दी लेकिन महिला की सुनवाई नहीं होती है थाना पुलिस चौकी पुलिस से न्याय ना मिलने पर महिला पुलिस अधीक्षक की चौखट पर भी फरियाद कर चुकी है पुलिस अधीक्षक ने थाना पुलिस को न्याय पूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया लेकिन उसके बाद भी महिला को न्याय नहीं मिला दूसरी पत्नी खुलेआम मनोज के साथ रह गई है और पहली पत्नी ठोकर खा रही है पहली पत्नी जब भी घर पहुंचती है तो उसके साथ गाली गलौज मारपीट मनोज शुरू कर देता है वह अपने जान को खतरा बताते हुए सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कर चुकी है लेकिन महिला को न्याय नहीं मिला है और दूसरी पत्नी के साथ प्रेमी से पति बना मनोज गुलछर्रे उड़ा रहा है।

## दहेज हत्या से संबंधित वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कौशबी। चरवा थाना पुलिस दहेज हत्या से संबंधित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया और वहीं से जेल भेज दिया। चरवा थानाध्यक्ष बलराम सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0अ0सं0 117/24 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त सूरज कुमार त्रिपाठी पुत्र जगदीश प्रसाद त्रिपाठी नि० ग्राम सटई थाना चरवा को सटई चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को जेल भेजा गया।

## महिला को बेरहमी से पीटा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह गांव में 21 मई की सुबह मामूली बात पर सुरेश अपने बेटे पत्नी और बेटी के साथ मिलकर गाली गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए गांव की उर्मिला देवी को लात घूसों डंडे से पीट दिया है जिससे उर्मिला देवी को चोट लग गई है उर्मिला को पीटते देखकर उसका पति बीच बचाव करने पहुंचा तो आरोपियों ने उसके पति को भी पीट दिया है दंपति के पीटे जाने के बाद मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है।

## संपादक की कलम से

# चुनाव आयोग की साख का सवाल

18वीं लोकसभा के लिए हो रहे आम चुनावों के बीच कलकत्ता हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग पर एक सख्त टिप्पणी की है। भाजपा के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस की शिकायत पर समय रहते हुए कार्रवाई न करने को लेकर हाईकोर्ट के जस्टिस सब्यसाची भट्टाचार्य ने कहा है कि यह अदालत आश्चर्यचकित है कि चुनाव खत्म होने के बाद शिकायतों का समाधान तय समय में करने में भारत का चुनाव आयोग विफल हुआ है। यह अदालत निषेधाज्ञा आदेश (स्टे) पारित करने के लिए बाध्य है। गौरतलब है कि भाजपा ने बंगाल के कुछ क्षेत्रीय समाचार पत्रों में विज्ञापन दिया था, जिनमें एक में तृणमूल कांग्रेस को भ्रष्टाचार की जननी और दूसरे में सनातन विरोधी कहा गया था। टीएमसी ने इस पर चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करते हुए कहा था कि ये विज्ञापन अपमानजनक, झूठे थे और मतदाताओं से धार्मिक आधार पर वोट करने की अपील करते थे।

भाजपा के आपत्तिजनक विज्ञापनों को लेकर टीएमसी ने 4 मई को केंद्रीय चुनाव आयोग से शिकायत की थी। लेकिन जब चुनाव आयोग से समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की गई तो फिर टीएमसी इस मामले को लेकर अदालत में गई, जहां आदेश में कोर्ट ने कहा कि 'साइलेंस पीरियड' (चुनाव से एक दिन पहले और मतदान के दिन) के दौरान भाजपा के विज्ञापन आदर्श आचार संहिता और टीएमसी के अधिकारों और नागरिकों के निष्पक्ष चुनाव के अधिकार का भी उल्लंघन थे। अदालत ने आदेश जारी करते हुए कहा- टीएमसी के खिलाफ लगाए गए आरोप और प्रकाशन पूरी तरह से अपमानजनक हैं और निश्चित रूप से इसका उद्देश्य प्रतिद्वंद्वियों का अपमान करना और व्यक्तिगत हमले करना है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और बेदाग चुनाव प्रक्रिया के लिए, भाजपा को अगले आदेश तक ऐसे विज्ञापन प्रकाशित करने से रोका जाना चाहिए।

आश्चर्य की बात है कि स्वतंत्र और पारदर्शी चुनाव कराने का दायित्व चुनाव आयोग का है, लेकिन उसकी निष्क्रियता के कारण अदालत को यह बीड़ा भी उठाना पड़ रहा है। टीएमसी का मामला जब अदालत में चला गया, तब जाकर आयोग शनिवार 18 मई को सक्रिय हुआ। इसके बाद पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार को उनकी पार्टी द्वारा कथित तौर पर टीएमसी को निशाना बनाने वाले विज्ञापनों पर दो अलग-अलग कारण बताओ नोटिस जारी किए। आयोग ने भाजपा नेता को मंगलवार शाम 5 बजे तक अपना जवाब देने को कहा है। हालांकि अब इस कार्रवाई का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। इस पूरे प्रकरण से चुनाव आयोग की किरकिरी तो हुई ही है, लेकिन लोकतांत्रिक चुनावों को लेकर चिंताएं भी बढ़ गई हैं। इस पूरे चुनाव में शुरू से अब तक कई बार चुनाव आयोग की भूमिका को लेकर सवाल उठे हैं। हाल ही में उत्तरप्रदेश से एक प्रकरण सामने आया है, जिसमें एक लड़का ईवीएम पर आठ बार वोट देता नजर आ रहा है और सारे वोट भाजपा के लिए। यह वीडियो जब वायरल हुआ और विपक्ष के नेताओं ने इस पर कड़ी प्रतिक्रियाएं देते हुए चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए, तब जाकर आयोग की ओर से कार्रवाई की पहल की गई। इसी तरह गुजरात से दाहोद का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें भाजपा नेता के बेटे ने बूथ में जाकर ईवीएम को अपने कब्जे में ले लिया था और इस दुस्साहस को सोशल मीडिया पर प्रचारित भी किया था। इसके विरोध में जब आवाजें तेज हुईं तब जाकर चुनाव आयोग ने इस बूथ पर फिर से मतदान करवाया। इसी तरह 13 मई को हुई चौथे चरण की वोटिंग के दौरान हैदराबाद में भाजपा प्रत्याशी माधवी लता ने एक बूथ पर मुस्लिम महिलाओं के बुर्के उठवाकर उनके पहचान पत्र की जांच की। उनका वीडियो भी वायरल हुआ और विपक्ष ने कार्रवाई की मांग की, तब जाकर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। इन बड़ी घटनाओं के अलावा दसियों छिटपुट घटनाएं हुई हैं, जिनमें सारे कागजात सही होने के बावजूद किसी मतदाता को मतदान से वंचित कर दिया गया या उसका वोट किसी और पार्टी को दिलवाया गया। कहीं पुलिस अधिकारी तो कहीं पार्टियों के बूथ एजेंट मतदाताओं को धमकाते हुए भी नजर आए। ये सारी घटनाएं इसलिए हो रही हैं क्योंकि कहीं न कहीं चुनाव आयोग की कमजोरी सामने आ चुकी है। उसकी कार्यप्रणाली या पक्षपाती रवैये पर सवाल उठने लगे हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी विपक्ष के इस आरोप को ही पुख्ता करती है कि चुनाव आयोग भाजपा के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं दिखाता है। जब आम चुनावों की घोषणा केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने की थी तो बड़े दम के साथ कहा था कि हम बेदाग चुनाव चाहते हैं। यह बात बोलने में आसान लगती है लेकिन क्रियान्वयन में काफी कठिन है। इसके लिए जिस दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता होती है, उसके प्रदर्शन में चुनाव आयोग बार-बार चूका है। नरेन्द्र मोदी समेत सत्तारुढ़ दल के कई नेता लगातार धार्मिक, सांप्रदायिक आधार पर वोट मांग रहे हैं, लोगों को उकसाने वाले बयान दे रहे हैं। इनकी शिकायतें लेकर कई बार विपक्षी दल चुनाव आयोग तक गए, लेकिन आयोग की ओर से भाजपा अध्यक्ष को एक नोटिस जारी कर दिया गया, मानो औपचारिकता का निर्वाह हो रहा है। जबकि इन चुनावों में जब संविधान और लोकतंत्र के सवाल सबसे अहम बनकर उभरे हैं तो इसका साफ अर्थ है कि जनाधिकारों पर कहीं न कहीं कोई खतरा महसूस किया जा रहा है। जिस तरह से भाजपा ने चुनाव शुरू होने से पहले ही 4 सौ पार सीटों का दावा करते हुए फिर से सत्ता में लौटने का ऐलान किया था, वह भी लोकतांत्रिक प्रवृत्ति का परिचायक नहीं था।

# एक चाल का तानाशाह

– राजेंद्र शर्मा

स्वतंत्र प्रेस के जरिए और जाहिर है कि संसद के जरिए भी, जनता के सामने जवाबदेही से ही प्रधानमंत्री मोदी के इस तरह भागने की असली वजह, उनका तानाशाहाना मिजाज है। नरेंद्र मोदी खुद को भारत का बादशाह या शहंशाह या चक्रवर्ती सम्राट जैसा कुछ समझते हैं, जिसकी इच्छा ही सर्वोपरि है और जिसका निर्णय ही कानून है। वास्तव में निर्वाचित सत्ताधीश के सर्वोपरि होने की दलील, मोदी राज में सत्ता के प्रधान नैरेटिव के रूप में बार–बार हमें सुनने को मिलती है। पांचवे चरण में 49 सीटों के लिए मतदान के साथ, 2024 के चुनाव का नतीजा एक तरह से तय होकर, ईवीएम मशीनों में बंद हो चुका है। बचे हुए दो चरणों में जिन 125 सीटों पर वोट पड़ने हैं, उनकी संख्द्या और मिजाज, दोनों ऐसे नहीं हैं कि, चुनाव अचानक पलटा खा जाए। अब 428 सीटों के लिए मतदान के साथ ईवीएम मशीनों में बंद यह नतीजा क्या है, इसका ठीक–ठीक पता तो 4 जून को मतगणना से ही चलेगा। फिर भी इतना तय है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संघ–भाजपा की बदहवासी साफ–साफ दिखाई दे रही है। इस बदहवासी के दूसरे अनेक लक्षणों के अलावा, एक और नया लक्षण जो व्यापक रूप से राजनीतिक तथा विशेष रूप से मीडिया प्रेक्षकों ने दर्ज किया है, चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद से प्रधानमंत्री मोदी का, भांति–भांति के मीडिया संस्थानों को पांचवे चरण के मतदान के दिन तक 42 साक्षात्कार दे चुका होना है। यह दूसरी बात है कि मीडिया से आमने–सामने होने में सौ फीसद अनुकूलता और नियंत्रण हासिल करने की हवस में, मोदी के प्रचार प्रबंधकों ने इन्हें साक्षात्कार के नाम पर मजाक ही बनाकर रख दिया है। अब तक आई जानकारियों के अनुसार, इन सभी आयोजनों में अगर साक्षात्कार के नाम पर कुछ है तो यही कि संबंधित मीडिया संस्थानों के सावधानी से चुने गए साक्षात्कारकताओं को, इस बहाने से प्रधानमंत्री मोदी से दस–पंद्रह मिनट की आमने–सामने की मुलाकात और मामूली गप–शप करने का भी मौका दिया जाता है, जिसकी तस्वीरों का बाद में उपयोग भी किया जा सकता है। वर्ना साक्षात्कारकताओं के चयन से लेकर, प्रश्नों के सूत्रीकरण और जवाबों की रिकार्डिंग/ लेखन और अंततः संपादन तक, सब कुछ प्रधानमंत्री कार्यालय खुद करता है और तैयार कॉपी प्रसारण/ प्रकाशन के लिए, मीडिया संस्थान को उपलब्ध करा दी जाती है। हैरानी की बात नहीं है कि सोशल मीडिया में इस पर व्यंग्यात्मक चर्चा ही चल पड़ी है कि साक्षात्कार की इस प्रजाति को किस नाम से पुकारा जाना चाहिए। और भी गहरी विडंबना यह कि इन्हीं छद्म साक्षात्कारों में से एक में, प्रधानमंत्री मोदी ने एक सवाल के अपने जवाब में अपने कार्यकाल के दस साल में, एक भी खुली प्रेस कान्फ्रेंस नहीं करने की सफाई देने की सरासर बेईमान कोशिश भी की है। मोदी ने अपने खुली प्रेस कान्फ्रेंस न करने के लिए, प्रेस को ही दोषी ठहराने का रास्ता चुना है। उन्होंने इसकी शिकायत की है कि अब प्रेस, पहले की तरह तटस्थ या वस्तुनिष्ठ्द नहीं रह गई है; पत्रकार अपनी राय से, अपने विचारों से संचालित होते हैं। जाहिर है कि इसीलिए, उन्होंने कोई प्रेस कान्फ्रेंस नहीं की। मोदी के स्वतंत्र प्रेस से भागने की इस झूठी बहानेबाजी की विडंबना सिर्फ इतनी ही नहीं है कि इसमें उन्होंने सारे के सारे प्रेस पर ही पक्षपाती और पूर्वाग्रही होने की तोहमत लगा दी है।

# जैव विविधता को संरक्षण की जरुरत

अरविंद जयतिलक




याद होगा कि गत वर्ष पहले कनाडा के मॉन्ट्रियाल में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन (सीओपी 15) में सदस्य देशों ने जैव प्रजातियों के तेज और स्थिर नुकसान को रोकने के लिए एक नए ढांचे पर सहमति जतायी थी। यह सम्मेलन इस मायने में महत्वपूर्ण था कि भारत समेत सभी 196 देशों ने पास्थितिकी तंत्र को हो रहे नुकसान को रोकने के लिए एक नए लक्ष्य की जरुरत पर बल दिया था। इसे ध्यान में रखते हुए ही इस सम्मेलन में कुनमिंग-मॉन्ट्रियाल ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क को अपनाने की बात कही गयी जो कि 2050 के लिए 4 और 2030 के लिए 23 लक्ष्यों को निर्धारित करता है। 2030 के इन लक्ष्यों में निम्नीकृत क्षेत्रों के लिए सुरक्षा, जैव संरक्षण के लिए संसाधनों की उपलब्धता, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और समुद्र के अम्लीकरण को कम करना, आक्रामक विदेशी प्रजातियों के प्रसार को कम करना और जैव विविधता समर्थक विधियों को अपनाना इत्यादि प्रमुख है। इसी तरह 2050 के लिए जिन चार लक्ष्यों को निर्धारित किया गया उनमें विलुप्त होने वाले पारिस्थितिकी तंत्र की अखंडता और स्वास्थ्य को बनाए रखने के साथ जैव विविधता द्वारा प्रदान की जाने वाली पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं को मापना व मूल्यांकन करना इत्यादि पर जोर दिया गया। भारत ने इस सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण सुझाव दिया था कि विकासशील देशों को जैवविविधता को हुए नुकसान को रोकने के लिए 2020 के बाद की वैश्विक रुपरेखा को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए एक नया समर्पित कोष बनाया जाए। भारत ने तर्क रखा कि जैव विविधता का संरक्षण साझा लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों और संबंधित क्षमताओं पर आधारित होना चाहिए। इस सम्मेलन में सदस्य देशों ने वर्ष 2030 तक पृथ्वी के 30 फीसदी हिस्से को प्रकृति के लिए संरक्षित करने की हामी के साथ दुनिया भर में दी जा रही उन सब्सिडी में सालाना 500 अरब डॉलर कमी लाने पर भी सहमति जतायी जो पर्यावरण के लिहाज से बेहद नुकसानदेह है। ध्यान दें तो मौजूदा समय में सिर्फ 17 फीसद हिस्सा ही प्रकृति के लिए संरक्षित है। ऐसे में सात वर्षों के दरम्यान 30 फीसद हिस्सा प्रकृति के लिए संरक्षित करना बड़ी चुनौती है। इस चुनौती को साधने के लिए सभी देशों को अपनी-अपनी नीतियों और विकास संबंधी परियोजनाओं में आमुलचूल परिवर्तन लाने होंगे जो कि ऐसा होता नहीं दिख रहा है। विकसित देशों के लिए तो यह आसान है लेकिन विकासशील देशों को इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कई समस्याओं से जूझना होगा। मसलन उन्हें अपनी प्रकृति आधारित विकास परियोजनाओं पर ब्रेक लगाना होगा। इसके लिए वे फंड की डिमांड की बात करते हैं। सवाल लाजिमी है कि यह फंड कहां से आएगा। फिलहाल संयुक्त राष्ट्र के जैव विविधता वित्तीय कोष के तहत कुछ रकम इकट्ठा किया जा सकता है। लेकिन यह रकम ऊंट के मुंह में जीरा साबित होगा। विकासशील और गरीब देशों के लिए सबसे बड़ी चुनौती कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण की है। एक अरसे से सभी देशों द्वारा कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण का संकल्प व्यक्त किया जाता रहा है। लेकिन सच्चाई है कि इस मसले पर कभी भी गंभीरता नहीं दिखायी गयी। दरअसल विकास को लेकर सभी देशों की अपनी-अपनी प्राथमिकताएं और अपेक्षाएं हैं। नतीजा सामने है। अभी गत वर्ष ही वर्ल्ड वाइल्ड फंड एवं लंदन की जूओलॉजिकल सोसायटी की रिपोर्ट से खुलासा हुआ कि दुनिया भर में हो रही जंगलों की अंधाधुंध कटाई, बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के कारण पिछले चार दशकों में वन्य जीवों की संख्या में भारी कमी आयी है।

इस रिपोर्ट में 1970 से 2012 तक वन्य जीवों की संख्या में 58 प्रतिशत की कमी बतायी गयी। जलीय जीवों के अवैध शिकार के कारण 300 प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। जलीय जीवों के नष्ट होने का एक अन्य कारण फफूंद संक्रमण और औद्योगिक इकाईयों का प्रदूषण भी है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं, विभिन्न प्रकार के रोग, जीवों की प्रजनन क्षमता में कमी भी एक प्रमुख कारण हैं। इन्हीं कारणों की वजह से यूरोप के समुद्र में ह्वेल और डॉल्फिन जैसे भारी-भरकम जीव तेजी से खत्म हो रहे हैं। एक अन्य आंकड़े के मुताबिक भीड़ बकरियों जैसे जानवरों के उपचार में दिए जा रहे खतरनाक दवाओं के कारण भी पिछले 20 सालों में दक्षिण-पूर्व एशिया में गिद्धों की संख्या में कमी आयी है। भारत में पिछले एक दशक में गिद्धों की संख्या में 97 प्रतिशत की कमी आयी है। गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं। वैज्ञानिकों का निष्कर्ष है कि पेड़ों की अंधाधुध कटाई और जलवायु में हो रहे बदलाव के कारण कई जीव जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो सकती हैं। अगर ऐसा हुआ तो फिर जैव विविधता और पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं पर उसका नकारात्मक असर पड़ना तय है। अगर जलवायु परिवर्तन को गंभीरता से नहीं लिया गया तो आने वाले वर्षों में धरती से जीवों का अस्तित्व मिटना तय है। इसलिए कि धरती के साथ मानव का निष्ठुर व्यवहार बढ़ता जा रहा है जो कि जीवों के अस्तित्व के प्रतिकूल है। वैज्ञानिकों का कहना है कि 12000 वर्ष पहले हिमयुग के खत्म होने के बाद होलोसीन युग शुरू हुआ था। इस युग में धरती पर मानव सभ्यता ने जन्म लिया। इसमें मौसम चक्र स्थिर था इसलिए स्थलीय और जलीय जीव पनप सके। लेकिन बीसवीं सदी के मध्य से जिस तरह परमाणु उर्जा के प्रयोग का दौर शुरू हुआ है और बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई हो रही है, उससे होलोसीन युग की समाप्ति का अंदेशा बढ़ गया है। उसी का असर है कि आज वन्य जीवों को अस्तित्व के संकट से गुजरना पड़ रहा है। वन्य जीवों के वैश्विक परिदृश्य पर नजर डालें तो पृथ्वी के समस्त जीवधारियों में से ज्ञात एवं वर्णित जातियों की संख्या लगभग 18 लाख है। लेकिन यह संख्या वास्तविक संख्या के तकरीबन 15 फीसद से कम है। जहां तक भारत का सवाल है तो यहां विभिन्न प्रकार के जीव बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। जीवों की लगभग 75 हजार प्रजातियां पायी जाती है। भारत में जीवों के संरक्षण के लिए कई कानून बने हैं। लेकिन इसके बावजूद भी जीवों का संहार जारी है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों सालों में मनुष्य जाति ने विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों विनाश किया है जिससे एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हो चुकी हैं। इसी तरह जीवों की संख्या में भी 50 फीसद की कमी आयी है। इंसानी लालच की शिकार कई जीव अब विलुप्ति के कगार पर हैं। उदाहरण के लिए आर्कटिक लोमड़ियों की संख्या तेजी से घट रही है। आर्कटिक लोमड़ियां जो माइनस 70 डिग्री सेंटीग्रेड से कम तापमान में भी अपने विशेष गर्म फर के कारण प्रसिद्ध हैं, का शिकार कर मोटा धन कमाया जा रहा है। इसी तरह आसमान में अपने करतबों के लिए चर्चित पक्षी हेन हैरियर का बड़े पैमाने पर शिकार हो रहा है। पिछले एक दशक में अफ्रीका में 1.11 लाख हाथियां इंसनी क्रुरता का शिकार बनी। गौर करें तो वन्य जीवन पर खतरे के महत्वूर्ण कारणों में 71.8 प्रतिशत शिकार, 34.7 प्रतिशत बढ़ता शहरीकरण, 19.4 प्रतिशत ग्लोबल वार्मिंग, 21.9 प्रतिशत प्रदूषण और 62.2 प्रतिशत खेत बनते जंगल मुख्य रुप से जिम्मेदार हैं। अभी गत वर्ष ही नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ऑफ मैक्सिको और स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने दावा किया कि आगामी वर्षों में जीवों की कुल प्रजातियों में से 75 प्रतिशत विलुप्त हो सकती हैं। यह शोध गत वर्ष प्रासीडिंग्स ऑफ द नेशलन एकेडमी ऑफ साइंसेज नामक जर्नल में प्रकाशित हुआ। इन आंकड़ों के मुताबिक पिछले सौ वर्षों में धरती से 200 वटीर्बेट जीवों की प्रजातियां विलुप्त हुई है, जबकि इतनी प्रजातियों की विलुप्ति दस हजार वर्षों में होनी चाहिए थी। शोध के नतीजे बताते हैं कि अब तक पृथ्वी पर जितने जीव हुए उनमें से 50 प्रतिशत से अधिक लुप्त हो चुके हैं। इनकी संख्या अरबों में है। ऐसे में उचित होगा कि दुनिया के सभी देश कुनमिंग-मॉन्ट्रियाल ग्लोबल बायोडायवर्सिटी फ्रेमवर्क को मूर्त रुप देने के लिए ठोस पहल करें।

# आचार्य महाश्रमणः अभिनव आध्यात्मिक क्रांति के प्रेरक

-ललित गर्ग-




भारत की भूमि पर अनेक महापुरुषों ने जन्म लेकर इस धरा का गौरव बढ़ाया, उसी आलोकधर्मी परंपरा का विस्तार है आचार्य महाश्रमण। महावीर, बुद्ध, गांधी, आचार्य भिक्षु, आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ की इस परम्परा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने स्वयं को ऊपर उठाया, महनीय एवं कठोर साधना की, अनुभव प्राप्त किया और अपने अनुभव वैभव के आधार पर दुनिया को शांति, अहिंसा, प्रेम, सौहार्द, अयुद्ध एवं वसुधैव कुटुम्बकम् का सन्देश दिया। अतीत की धुंधली होती आध्यात्मिक परंपरा को आचार्य महाश्रमण एक नई दृष्टि प्रदान की हैं। यह नई दृष्टि एक नए मनुष्य का, एक नए जगत का, एक नए युग का सूत्रपात कही जा सकती है। विशेषतः उनकी विनम्रता और समर्पणभाव उनकी आध्यात्मिकता को ऊंचाई प्रदत्त रह रहे हैं। भगवान राम के प्रति हनुमान की जैसी भक्ति और समर्पण रहा है, वैसा ही समर्पण आचार्य महाश्रमण का अपने गुरु आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ के प्रति रहा है। 22 मई 2024 यानी वैशाख शुक्ला चौदस को आचार्य श्री महाश्रमण की दीक्षा का स्वर्ण जयन्ती समारोह राष्ट्रव्यापी स्तर पर मनाया जा रहा है। आचार्य महाश्रमण निरुपाधिक व्यक्तित्व का परिचायक बन गया और इस वैशिष्ट्य का राज है उनका प्रबल पुरुषार्थ, उनका समर्पण, अटल संकल्प, अखंड विश्वास और ध्येय निष्ठा। एमर्सन ने सटीक कहा है कि जब प्रकृति को कोई महान कार्य सम्पन्न कराना होता है तो वह उसको करने के लिये एक प्रतिभा का निर्माण करती है। निश्चित ही आचार्य महाश्रमण भी किसी महान् कार्य की निष्पत्ति के लिये ही बने हैं। ऐसे ही अनेकानेक महान् कार्यों उनके जीवन से जुड़े हैं, उनमें एक विशिष्ट उपक्रम बना था अहिंसा यात्रा। आचार्य महाश्रमण ने अपनी आठ वर्षीय इस ऐतिहासिक, अविस्मरणीय एवं विलक्षण यात्रा में उन्नीस राज्यों एवं भारत सहित तीन पड़ोसी देशों की करीब सत्तर हजार किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए अहिंसा और शांति का पैगाम फैलाया। करीब एक करोड़ लोगों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाया। नेपाल में भूकम्प, कोरोना की विषम परिस्थितियों में इस यात्रा का नक्सलवादी एवं माओवादी क्षेत्रों में पहुंचना आचार्य महाश्रमण के दृढ़ संकल्प, मजबूत मनोबल एवं आत्मबल का परिचायक बना था। आचार्य महाश्रमण का देश के सुदूर क्षेत्रों-नेपाल एवं भूटान जैसे पडौसी राष्ट्रों सहित आसाम, बंगाल, बिहार, मध्यप्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक, तमिलनाडू, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ आदि में अहिंसा यात्रा करना और उसमें अहिंसा पर विशेष जोर दिया जाना अहिंसा की स्थापना के लिये सार्थक सिद्ध हुआ है। क्योंकि आज देश एवं दुनिया हिंसा एवं युद्ध के महाप्रलय से भयभीत और आतंकित है। जातीय उन्माद, सांप्रदायिक विद्वेष और जीवन की प्राथमिक आवश्यकताओं का अभाव- ऐसे कारण हैं जो हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं और इन्हीं कारणों को नियंत्रित करने के लिए आचार्य महाश्रमण अहिंसा यात्रा के विशिष्ट अभियान के माध्यम से प्रयत्नशील बने थे।

भारत की माटी में पदयात्राओं का अनूठा इतिहास रहा है। असत्य पर सत्य की विजय हेतु मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम द्वारा की हुई लंका की ऐतिहासिक यात्रा हो अथवा एक मुट्ठी भर नमक से पूरा ब्रिटिश साम्राज्य हिला देने वाला 1930 का डाण्डी कूच, बाबा आमटे की भारत जोड़ो यात्रा हो अथवा राष्ट्रीय अखण्डता, साम्प्रदायिक सद्भाव और अन्तर्राष्ट्रीय भ्रातृत्व भाव से समर्पित एकता यात्रा, यात्रा के महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। भारतीय जीवन में पैदल यात्रा को जन-सम्पर्क का सशक्त माध्यम स्वीकारा गया है। ये पैदल यात्राएं सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक यथार्थ से सीधा साक्षात्कार करती हैं। लोक चेतना को उद्बुद्ध कर उसे युगानुकूल मोड़ देती हैं। भगवान् महावीर ने अपने जीवनकाल में अनेक प्रदेशों में विहार कर वहां के जनमानस में अध्यात्म के बीज बोये थे। लेकिन इन यात्राओं की श्रृंखला में आचार्य श्री महाश्रमण ने नये स्तस्तिक उकेरे हैं। समस्त पूवार्चार्यों से एक विशेष कालखंड में सर्वाधिक लम्बी पदयात्रा करने के फलस्वरूप आचार्य श्री महाश्रमण को ह्वपांव-पांव चलने वाला सूरजह्व संज्ञा से अभिहित किया जाने लगा है।

आचार्य महाश्रमण का बारह वर्ष के मुनि के रूप में लाडनूं में मेरा प्रथम साक्षात्कार मेरे बचपन की एक विलक्षण और यादगार घटना रही है। लेकिन उसके साढे. चार दशक बाद उनके गहन विचारों से मेरा परिचय और भी विलक्षण घटना है क्योंकि उनके विचारों से मेरी मन-वीणा के तार झंकृत हुए। जीवन के छोटे-छोटे मसलों पर जब वे अपनी पारदर्शी नजर की रोशनी डालते हैं तो यूं लगता है जैसे कुहासे से भरी हुई राह पर सूरज की किरणें फैल गई। मन की बदलियां दूर हो जाती हैं और निरभ्र आकाश उदित हो गया है। आचार्य महाश्रमण का मानना है कि जिस राष्ट्र ने अपनी संस्कृति को भुला दिया, वह राष्ट्र वास्तव में एक जीवित और जागृत राष्ट्र नहीं हो सकता। उनकी दृष्टि में भारतीय संस्कृति का अर्थ है- ऊंची संस्कृति, त्याग की संस्कृति, संयम की संस्कृति और अध्यात्म की संस्कृति है। वे भारतीय संस्कृति की गरिमा से अभिभूत हैं, अतः देशवासियों को अनेक बार भारत के विराट् सांस्कृतिक मूल्यों को अवगति देते रहते हैं। बड़ी अपेक्षा यह है कि भारत अपना मूल्यांकन करना सीखे और खोई प्रतिष्ठा को पुनः अर्जित करे। इसी व्यापक एवं गहन चिंतन के आधार पर उनका विश्वास है कि सही अर्थ में अगर कोई संसार का प्रतिनिधित्व कर सकता है तो भारत ही कर सकता है, क्योंकि भारत की आत्मा में आज भी अहिंसा की प्राणप्रतिष्ठा है। मैं मानता हूं कि यदि भारत आध्यात्मिकता को विस्मृत कर देगा तो अपनी मौत मरेगा।

आचार्य श्री महाश्रमण का चिंतन है कि भारतीय संस्कृति सबसे प्राचीन ही नहीं, समृद्ध और जीवंत भी है, अतः किसी भी राष्ट्रीय समस्या का हल हमें अपने सांस्कृतिक तत्वों के द्वारा ही करना चाहिए, अन्यथा मानसिक दासता हमें अपनी संस्कृति के प्रति उतनी गौरवशील नहीं रहने देगी। भारत में सांस्कृतिक एकता बनी रही, इसका कारण बताते हुए राष्ट्रकवि दिनकर ने कहा- बाहर से आने वाली अन्य संस्कृतियों को भी भारतीय संस्कृति ने अपनी समन्वय शक्ति के बल पर आत्मसात कर लिया, इसलिए उसका प्रवाह बना रहा। उसी भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में आचार्य श्री महाश्रमण के वार्तमानिक अनुभव प्रेरणादायी, सटीक एवं मार्मिक बन पड़े हैं।

# न जाने कितने मुखौटों में जिंदगी तू है

@ राकेश अचल

एक तरफ राजनीति है और दूसरी तरफ जिंदगी। दोनों के पास असंख्य मुखौटे हैं। इसीलिए न जिंदगी का असल चेहरा सामने आ पाता है और न राजनीति का। लोग एक चेहरे पर कई चेहरे लगाए बैठे हैं। हमारे साथी कवि स्वर्गीय प्रदीप चौबे ने सियासत पर कम जिंदगी पार ज्यादा लिखा। वे कहते थे –

कभी जुकाम, कभी पीलिया, कभी फ़्लू है
न जाने कितने मुखौटों में जिंदगी तू है

यकीनन जितनी दुश्वारियां जिंदगी के साथ बाबस्ता हैं, उतनी ही दुश्वारियां सियासत के साथ भी हैं। दोनों गिरगिट की तरह रंग बदलने में माहिर है। आप कह सकते हैं कि उस्ताद हैं। न आप जिंदगी से पार पा सकते हैं और न सियासत से। जिंदगी और सियासत के बिना काम भी नहीं चलता। आप समाज में वीतरागी होकर तो रह नहीं सकते। सियासत का हर फैसला आपकी जिंदगी को प्रभावित करता है, भले ही आपका सियासत से कोई रिश्ता हो या न हो ? आप किसी दल या विचारधारा के साथ हों या न हों ? मार तो आपको खाना ही पड़ेगी। लेकिन सवाल ये है कि आखिर कब तक और कितनी मार खाई जा सकती है ?

आजकल जिंदगी पर मौसम भी भरी पद रहा ह। पारा 47 डिग्री को पार कर चुका है। जैसे नेताओं को कोई केंचुआ आदर्श आचार संहिता की धज्जियां उड़ाने से नहीं रोक सकता, उसी तरह मौसम को भी कोई अपने तेवर दिखने से नहीं रोक सकता। अकेले वृक्ष रोक सकते थे लेकिन उन्हें भी बेरहमी के साथ कत्ल किया जा रहा है। कल ही पढ़ा की पांच साल में 53 लाख से ज्यादा छायादार वृक्ष हमारे राष्ट्रवादी, देशभक्त,अंधभक्त समाज ने काट कर फेंक दिए। अब आसमान से बरसती आग को रोकने के लिए कोई छाता हमारे पास नहीं है। एयर कंडीशनर हमें भीतर ठंडक देते हैं लेकिन बाहर वे भी इतनी आग उगलते हैं की सांस लेना मुश्किल हो रहा है। दुर्भाग्य से इस बार सियासी पारा और मौसम का पारा एक साथ चढ़ा हुआ है। इसीलिए गर्मी दो गुना ज्यादा है। परिंदों और पशुओं की तो छोड़िये किसी को इंसानों की जिंदगी की फिक्र नहीं है। सारे फिक्र तौसवीं इन दिनों चुनाव में व्यस्त है। कुछ लड़ रहे हैं और बाकी के चुनाव लड़ा रहे हैं। दिल्ली में तो केजरीवाल,मालीवाल आपस में ही लड़ रहे हैं। जनता के बारे में सोचे कौन ?

लोकतंत्र में आम चुनाव सत्यनारायण कथा के अध्यायों की तरह होने लगे है। चुनाव में मौसम का मिजाज नहीं बल्कि सत्तारूढ़ दल की सहूलियत देखी जाती है। इस बार भी केंचुआ ने मतदान की तारीखें तय करते वक्त मौसम विभाग से नहीं भाजपा मुख्यालय से विमर्श किया। इसी का नतीजा है कि इस बार मतदान अपेक्षाकृत कम हो रहा है। अब आप ही सोचिये की आदमी मतदान के जरिये अपना लोकतंत्र, अपना विचार, अपना भविष्य बचाये या जिंदगी बचाये ? अगर मतदान के लिए घर से निकले और लू ने आपकी लू–लू कर दी तो न घर के रहिएगा और न घाट के। 'जिंदगी से हाथ धोना पड़ेंगे सो अलग। लू से मरने पर कोई भी सरकार अपने परिजनों को दो–चार लाख रुपए का मुआवजा भी नहीं देने वाली। यदि आपने बीमा करवा रखा होगा तो कम्पनी दावा स्वीकार नहीं करेगी। कहेगी– ' भरी दोपहर में घर से निकले ही क्यों थे मरने के लिए ?'

अग्निदग्ध मौसम में नयी सरकार चुनना भी लोहे के चने चबाने जैसा है। एक तरफ अपीलें की जा रहीं हैं कि – ' पहले मतदान, बाद में जलपान ' और दूसरी तरफ मतदान के बाद जलपान कराने वाला कोई दूर–दूर तक नजर नहीं आ रहा। अयोध्या में राम मंदिर में प्राण –प्रतिष्ठा समारोह में जाने के लिए निमंत्रण के साथ घर–घर पीले चावल बांटने वाले इस बार मतदाता पर्चियां बांटने भी नहीं आये। सबने सोच लया है कि राम जी के नाम पर जिसे वोट देना है वो पीले चावलों या मतदाता पर्चियों का इन्तजार थोड़े ही करेंगा ? भाजपा कार्यकताओं और नेताओं ने ये मान लिया है कि जिसे अपनी बीबी का मंगलसूत्र बचाना है,पुरखों कि जमीन बचाना है, आरक्षण बचाना है और मुसलमानों को भगाना है तो हर कोई झक मारकर वोट डालने आएगा। अर्थात अब अटकी मतदाता की है, भाजपा की नहीं। भाजपा को तो जो हासिल करना था सो उसने कर लिया।

प्रचंड गर्मी में हो रहे मतदान के नतीजे भी प्रचंड ही आएंगे। आप जब इस लेख को पढ़ रहे होंगे तब तक मतदान का पांचवां चक्र समाप्त हो चुका होगा। टीवी चैनलों और यू–ट्यूब चैनलों पर एक तरफ गोदी मीडिया और दूसरी तरफ गैर मोदी मीडिया की चिड़ियाँ चहकती नजर आएँगी। वे किस को हरा रही होंगी तो किसी को जिता रही होंगी। पांचवें चरण में मोदी से लेकर गांधी तक का भविष्य दांव पर है। देश के भविष्य की बात कोई नहीं कर रहा और न किसी को देश के भविष्य की फिक्र है। सबको अपना–अपना भविष्य दिखाई दे रहा है। इतने आत्मकेंद्रित नेताओं के भविष्य के मुकाबले आपको, हमको देश के भविष्य की चिंता करना चाहिए।

# चौकीदार-कम्प्यूटर ऑपरेटर हाजिर, बाकी गैरहाजिर

## प्राधिकरण सचिव ने वन स्टाप सेंटर-जिला कारागार का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने वन स्टाप सेंटर, वृद्धा आश्रम व जिला कारागार का निरीक्षण किया। वन स्टाप सेंटर में कम्प्यूटर ऑपरेटर व चैकीदार के अलावा शेष कर्मचारी गैर हाजिर मिले।

मंगलवार को उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से मिले आदेश के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के निर्देश पर प्राधिकरण सचिव/अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने गढीवा स्थित वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया। कम्प्यूटर ऑपरेटर चुन्नूराम व चैकीदार अर्चना यादव ही मौजूद मिले। शेष कर्मचारी गैरहाजिर रहे। अनुरक्षित रजिस्टर मांगने पर बताया कि कुछ रजिस्टर प्रभारी की अलमारी में रखे हैं। निरीक्षण में मिले रजिस्टर अपूर्ण मिले। इस बाबत पत्राचार के निर्देश दिये। वन स्टाप सेंटर में दो बच्चियां आवासित मिली। एक ने अपनी उम्र 20 वर्ष व खुद को बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा बताते हुए कहा कि परिवार के लोगों के डाटने से घर से नाराज होकर चली गयी थी। दूसरी बालिका ने बताया कि वह 18 मई से आवासित है। शौचालय व बाथरूम में भारी गंदगी मिली। पुलिस सुरक्षा कर्मी भी नहीं मिले। जिला प्रोबेशन अधिकारी को इस बाबत आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। प्राधिकरण सचिव ने विनायकपुर स्थित वृद्धा आश्रम भी



देखा। बताया कि समाज कल्याण से वित्त पोषित संस्था देहाती ग्रामोत्थान विकास समिति से आश्रम संचालित है। 130 वृद्ध संवासी दर्ज हैं। मौके पर 95 संवासी मिले। बताया कि शेष बुजुर्ग 20 मई को लोकसभा चुनाव में मताधिकार को अपने गांव गये हैं। इस दौरान मौजूद वृद्ध संवासियों से भेंटकर समस्यायें जानी। प्राधिकरण सचिव ने चित्रकूट जिला कारागार भी देखा। विधिक साक्षरता शिविर लगाया। 18 से 21 वर्ष के निरूद्ध बाल बंदियों व बैरक नम्बर 9-10 में निरूद्ध विचाराधीन बंदियों के बीच विधिक साक्षरता शिविर लगाया। शिविर में ऐसे बंदियों से वार्ता की गयी, जिनकी जमानत हो चुकी है, जमानतदार न मिलने से जेल में निरूद्ध हैं। ऐसे बंदियों का प्ली बाग्रेनिंग के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय, प्रभारी जेलर रजनीश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# पाइप लीकेज, पानी की हो रही बर्बादी



**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** नगर पंचायत मऊ के ब्राम्हण टोला के सौरभ भार्गव के घर के सामने आरओ पाइप लाइन का सप्लाई पाइप अलग हो जाने से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

मंगलवार को नगर पंचायत मऊ के ब्राम्हण टोला में सौरभ भार्गव के घर के बाहर पाइप लाइन टूटने से पानी की भारी बबार्दी हो रही है। भीषण गर्मी में जहां बूंद-बूंद पानी को लोग तरस रहे हैं, वहीं पानी की इस तरह बबार्दी जिम्मेदारों की भूमिका पर प्रश्न चिन्ह खडा करता है। सौरभ भार्गव ने बताया कि आरओ पाइप लाइन जगह-जगह लीकेज है। सुनने वाला कोई नहीं है। तमाम प्रयासों के बाद पाइप सही नहीं हो सका। सौरभ ने कहा कि पानी की बबार्दी रोकने को लीकेज पाइप सही किये जायें, ताकि पानी की बबार्दी रोकी जा सके।

## पारा गर्म होने से लक्ष्य को नहीं प्राप्त कर सका मतदान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आसमान से बरसती आग, तपती धूप व 45 डिग्री सेल्सियस तापमान में चित्रकूट में मतदाताओं ने रफ्तार नहीं पकड़ी। दोपहर एक बजे के बाद सूर्य की तल्खी व आठ किमी प्रति घंटा से गर्म हवाओं ने चाल बंद कर दी। कई मतदान केंद्रों में सन्नाटा पसरा रहा। देर शाम मतदान खत्म होने तक मतदाता एक्सप्रेस लक्ष्य से कोसों दूर रही।

सोमवार 20 मई को सवेरे सात बजे से तल्ख धूप रही। सात बजे तापमान 34 डिग्री रहा। सवेरे नौ बजे तापमान 39 डिग्री पहुंच गया। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लाइन लग चुकी थी। 11 बजे तक पारा 40 व 12 बजते ही 43 डिग्री पर पहुंच गया। पारा बढ़ने व हवा में नमी महज 20-25 फीसदी होने व गर्म हवा के चलते दोपहर 12 बजे के बाद मतदान एक्सप्रेस की रफ्तार धीमी हो गई। विभिन्न मतदान केन्द्रों में सन्नाटा पसर गया। दोपहर 12 से अपरान्ह तीन बजे तक सन्नाटा पसरा रहा। तीन बजे के बीच पारा सबसे अधिक 45 डिग्री रिकार्ड हुआ। शाम छह बजे तक 41 डिग्री पारा हो गया। इससे मतदान प्रभावित हुआ और लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सका।

## ई-रिक्शा पलटने से हादसा होते-होते बचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका कर्वी में अप्रिय घटना होते-होते बची। समय से दौड़कर प्रभाकर सिंह नहीं पहुंचते तो बड़ा हादसा हो जाता। सड़क में घरों का गंदा पानी बरसों से भरा है। देखते-देखते सवारी से भरा ई-रिक्शा पानी में पलट गया।

ये हादसा होते-होते मंगलवार को बचा। ई-रिक्शा में बच्चे-औरते बैठे थे। पहले बच्चों को निकाला। बाद में ई-रिक्शा सीधा कराया। दो औरतों के पैर दबे थे। सब जोर-जोर से चिल्ला रहे थे। प्रभाकर को दौड़ते देख युवा साथी और आ गये। ईश्वर की कृपा से सब बच गये। घायलों को दूसरे ई-रिक्शा में अस्पताल भेजा गया। कुछ के परिजन भी आ गये। ये रास्ता कसहाई रोड से आदर्श पब्लिक स्कूल होते हुए गोल तालाब की ओर जाता है। दो दिन पहले एक दूध वाले को भी बचाया गया। वह भी गिर गया था। कई बार बरसात के समय भी नगर पालिका के जिम्मदारों को जानकारी दी गई थी। किसी ने आज तक रास्ता बनवाने की पहल नहीं की। प्रतिदिन ई-रिक्शा यहां आये दिन पलटते हैं। कोई मोटरबाइक वाला गिरता है। स्कूली बच्चों व वृद्धों का निकलना दूभर हो गया है।

## स्वर्णिमा होटल मालिक किये है सडक पर कब्जा, अतिक्रमणकारी पर नहीं हो रही कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** यूपीटीयू से रामघाट जाते समय रास्ते में स्वर्णिमा होटल का भारी ट्रांसफार्मर सडक पर रखा हुआ है। नगर पालिका के जिम्मेदारों को सडक पर रखे ट्रांसफार्मर से अतिक्रमण नजर नहीं आता। ये दबंगई से बीच सडक पर कब्जा किये है। इस पर कोई कार्यवाही जिला प्रशासन नहीं कर रहा। होटल का मालिक खुद को भाजपा नेता बताता है।

भाजपा नेता बताकर दबंगई करने वाला स्वर्णिमा होटल मालिक की करतूत का खुलासा मंगलवार को हुआ। बताया गया कि बीच सडक पर भारी ट्रांसफार्मर रखकर सडक में अतिक्रमण किये है। इसकी दबंगई सिर चढकर बोल रही है। खुद को भाजपा नेता बताकर सडक पर कब्जा किये है। ये ऐसा भाजपा नेता है जो सरकार आने पर बदल जाता है। सपा की सरकार में सपाई हो जाता है। भाजपा की सरकार में भाजपाई हो जाता है। इसका सिर्फ एक ही मकसद है कि हर हाल में सरकार से लाभ उठाना।

इसी लाभ के चलते ये सरयू नाला में भी लम्बे समय से कब्जा किये है। वहां पर पक्का निर्माण कराकर साल में करोडों रुपये कमा रहा है। इसकी दबंगई पर जल्द अंकुश न लगा तो लोग लामबन्द होकर आन्दोलन को बाध्य होंगे।

## भाजपा व गठबंधन प्रत्याशी ने जताया आभार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल ने मतदान कार्य शान्तिपूर्वक सम्पन्न होने पर कार्यकताओं, मतदाताओं व शुभचिन्तकों के प्रति आभार जताया है। इसी क्रम में सपा प्रत्याशी श्रीमती कृष्णा सिंह पटेल ने भी मतदाताओं एवं कार्यकताओं के प्रति कृतज्ञता जाहिर की है।

मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि 18वीं लोकसभा के चुनाव में भाजपाइयों व अपना दल के कार्यकताओं तथा मतदाताओं ने जाति, धर्म, सम्प्रदाय की मयार्दायें तोड़कर स्नेह व प्यार दिया है, उसके वे आभारी हैं। कहा कि वे चुनाव जीतने के बाद संसदीय क्षेत्र के विकास में कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे।

# आनुषांगिक संगठनों की उपेक्षा भाजपा को पड़ेगी भारी?

## लोकसभा चुनाव में नहीं सक्रिय रहे आनुषांगिक संगठन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व विश्व हिन्दू परिषद तथा बजरंग दल के लोकसभा चुनाव 2024 में सक्रिय भूमिका न निभाने का खामियाजा भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को भोगना पड सकता है। इन लोगों ने चुनाव में वह भूमिका नहीं निभाई, जो पिछले चुनाव में निभाते रहे हैं। इस बार महज भूमिका निभाने की बजाय हल्की-फुल्की पहल भर की है।

सोमवार को लोकसभा को हुए मतदान में जो भूमिका चुनाव में आरएसएस, विहिप, बजरंग दल व अन्य आनुषांगिक संगठन भाजपा के पक्ष में निभाते थे, वे इस बार नहीं निभाई। इसके पीछे क्या कारण थे, क्या वजह थी, ये बात तो वे लोग ही बता सकते हैं। लोकसभा चुनाव में इनके सक्रिय भूमिका न निभाने का खामियाजा भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल को उठाना पड सकता है। पहले चुनाव में जिस तरह से आरएसएस व अन्य आनुषांगिक संगठन जिस सक्रियता से भूमिका निभाते रहे हैं, वह भूमिका गजब की होती थी। वे घर-घर जाकर मतदाताओं को बेहद गम्भीरता से चुनाव व प्रत्याशी के बारे में बताते थे, इस बार कहीं नजर नहीं आये।

आरएसएस व अन्य भाजपा से जुडे संगठनों समेत पन्ना प्रमुख व सेक्टर तथा बूथ संयोजकों ने भी चुनाव में अपनी भूमिका का सही ढंग से पालन नहीं किया। इसके पीछे सम्भवतः लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी में आये अहंकार को लेकर देखते हैं। लोगों का मानना है कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान की भाजपा सक्षम हो गई है,

# स्ट्रांग रूम में शराबी के घुसने पर मचा बवाल

## एसपी-एडीएम ने संभाला मोर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामायण मेला स्थित स्ट्रांग रूम परिसर के अंदर मजिस्ट्रेट लिखी एक प्राइवेट गाड़ी घुसने की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे एसपी व एडीएम तथा सपा- बसपा नेता और कार्यकताओं ने आपत्ति जताई।

रामायण मेला स्थित स्ट्रांग रूम में मंगलवार को बडा हादसा होते-होते बचा। बताया गया कि स्ट्रांग रूम में मतदान की ईवीएम मशीनें रखी हैं। यहां भारी पुलिस बल तैनात है। फिर भी मजिस्टेज्ट लिखी बिना नम्बर की गाडी के वहां घुस जाने से बवाल मच गया। गाडी में सवार बुद्धविकाश नामक व्यक्ति शराब की हाफ बोतल लिये था। स्ट्रांग रूम में





शराब की बोतल लेकर कैसे कोई घुस सकता है, ये एक बडा सवाल है। वहां मौजूद सपा कार्यकताओं ने उसे पकडकर पुलिस के हवाले किया। बाद में पता चला कि पुलिस वालों ने उसे छोड दिया है। विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, सपा कार्यकर्ता मनफूल सिंह आदि ने वहां पहुंचे पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह व एडीएम दिनेशचन्द्र निगम से नेताओं ने बात कर कडी आपत्ति जताई है। एसपी ने कहा कि वे खुद मामले की तहकीकात कर रहेहैं। तत्काल परिसर के बाहर बैरिकेटिंग लगवाते हुए ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को कडे निर्देश दिये। कहा कि रामायण मेला परिसर के अंदर व बाहर किसी तरह की गाड़ियां प्रवेश नही करेंगी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

## तालाब के भीठे पर बन रहा मकान

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ तहसील के इटहा देवीपुर मजरा भैरमपुर के तालाब के भीटे में लेखपाल व प्रधान की मिलीभगत से राजस्व भूमि पर अवैध कब्जा कराकर पक्का मकान बनवाया जा रहा है।

मंगलवार को प्रधान-सचिव की मिलीभगत कर खुलासा हुआ। बताया गया कि तेजी से पक्का मकान का कार्य जारी है। उच्चाधिकारियों को कोई खबर नहीं है। संबंधित लेखपाल व राजस्व विभाग को लाखों का चूना लगाया जा रहा है। तालाब के भीठे पर पक्का मकान बनाने में स्थानीय अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध है।

## अविवि व सम्बद्ध महाविद्यालयों की सेमेस्टर परीक्षाएं 31 से

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अन्तर्गत स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षाए 31 मई से शुरू होकर 09 जुलाई तक चलेगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि आवासीय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित एनईपी के अन्तर्गत स्नातक स्तर पर द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर और परास्नातक स्तर पर द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर-2023-24 की परीक्षाएं 31 मई से शुरू हो रही है।

# चार से आठ जून तक लगेगा हृदय रोग कैम्प

## अमेरिका के डा प्रकाश डी शाह देंगे सेवायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत रणछोड़दास जी महाराज के स्थापित श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट से संचालित जानकीकुंड चिकित्सालय में पांच से आठ जून तक विशाल हृदय रोग शिविर लगेगा। अमेरिका के डा प्रकाश डी शाह अपनी सेवायें देंगे।

मंगलवार को जानकीकुण्ड चिकित्सालय के प्रशासक डा एबीएस राजपूत व चिकित्सालय



की जनरल वरिष्ठ सर्जन डा पूनम अडवाणी ने बताया कि चित्रकूट जैसे ग्रामीण अंचल में अच्छी चिकित्सा सेवा का अभाव है। जनहित को श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट व चिकित्सालय की टीम ने फैसला लिया है कि चिकित्सालय में जनरल सर्जन, जनरल फिजिशियन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, फिजियोथरैपी, गैनकोलाजिस्ट आदि के मौजूद है। अन्य बीमारियों के चिकित्सक नही हैं। हर महीने टीबी कैंप, न्यूरो कैंप, नाक-कान-गला कैंप लाभ पहुंचाने को लगाये जाते हैं। सबसे ज्यादा हृदय की बीमारियों से लोग ग्रसित हो रहे हैं। हृदय रोग कैंप लगाने का निर्णय लिया है। चार से आठ जून तक लगेगा। अमेरिका के हृदय रोग विशेषज्ञ डा प्रकाश डी शाह कैंप से हृदय रोगियों को देखेंगे। श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी/डायरेक्टर डा बीके जैन व ट्रस्टी डा इलेश जैन ने बताया कि मानव सेवा को समर्पित ट्रस्ट के अध्यक्ष विशद भाई मफतलाल उनकी धर्मपत्नी रूपल बहन की सोंच है कि ज्यादा से ज्यादा लोगो को बेहतर इलाज मिले।

जानकीकुण्ड चिकित्सालय के वरिष्ठ सर्जन डा पूनम आडवाणी ने बताया कि परीक्षण तिथि से पहले पंजीकरण व स्वास्थ्य परीक्षण कराना अनिवार्य है। परीक्षण के समय पिछले कैंप में आये हैं कि पुरानी रिपोर्ट जरूर लेकर आयें।

# मुक्ति का सुगम मार्गदर्शन कराती है भागवत महापुराण: विनय कृष्ण शास्त्री




**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** कथा महोत्सव में रामनगर ब्लाक के छीबों गांव में रामअभिलाष सिंह के आवास पर सात दिवसीय संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा में रेरुआ से पधारे कथा व्यास विनय कृष्ण शास्त्री ने विदुषी लालती देवी सेवानिवृत्त शिक्षिका पत्नी रामअभिलाष सिंह को कथा सुना रहे हैं। परीक्षित बनाकर श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा का रसपान पिछले पांच दिनों से करा रहे हैं। मंगलवार को कथा के छठवें दिन कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के पावन चरित्र को निरुपित किया। बताया कि भगवान भक्त के प्रेम के भूखे होते हैं। उन्हें केवल भक्ति से प्राप्त कर सकते हैं। अन्य कोई उपाय धर्म शास्त्रों में नहीं बताया गया। कथा व्यास ने पांडवो के वंशज के प्रतापी राजाओं के चरित्र को संक्षिप्त रूप से परिभाषित किया। भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का वर्णन करते हुए कथा व्यास ने गोवर्धन लीला की कथा का विस्तार से वर्णन किया। कथा दौरान पूतना वध, अघासुर वध, माखन चोरी का वर्णन किया। छठवें दिन की कथा में कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के विवाह की कथा को रेखांकित कर रुक्मणी विवाह की कथा को विस्तार से सुनाया। संगीतमयी कथा में चित्रकूट के ख्याति प्राप्त गंधर्व तुलसी गौरव से सम्मानित मशहूर संगीतकार/गायक शिवमोहन शर्मा ने सुमधुर भजनों से श्रोताओं को भावविभोर किया। इस दौरान उनके साथ तबले पर तीरथ भाई की जुगलबंदी की श्रोताओं ने खूब सराहना की। संगीतमयी कथा की व्यवस्था संजीव सिंह कर रहे हैं। मनोहारी कथा का रसपान करने में दलवीर सिंह, पुष्पराज सिंह, प्रकाश सिंह, लालबहादुर सिंह, संतोष केशरवानी समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# पाठाः जंगलों में सिर उठाते ही पेड़ों की कट जाती हैं शाखायें

## प्रतिवर्ष बेंची जाती साठ हजार टन लकड़ी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के जंगलों से प्रतिवर्ष लगभग 60 हजार टन लकड़ी काटकर बेंची जा रही है। विभागीय अमला कोई कारगर कदम नहीं उठा रहा है। जानकारों का कहना है कि ये सारा कारोबार विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से हो रहा है। कर्मचारियों की मिलीभगत की बात से डीएफओ ने इंकार किया है।

लगभग एक दशक से सूखे की मार झेल रहे चित्रकूट जिले को सूखे से उबारने को शासन ने जल प्रबंधन व वृक्षारोपण के कार्यक्रम चलाए हैं। जिन पर करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं। जिले के जंगलों का कटान लगातार जारी है। जंगल की लकड़ी गट्ठरों के रूप में ट्रेन मार्ग से महानगरों में रोज



जा रही है। बड़े वृक्षों की कटान का अलग इतिहास है। पाठा के टिकरिया, मनगवां, छिवलहा, गुरसराय, मसनहा, बम्भिहा, गोंडा गांव से लगभग 14 टन लकड़ी प्रतिदिन टिकरिया रेलवे स्टेशन से विभिन्न रेलगाड़ियों से महानगरों को बिकने जाती है। पनहाई, मानिकपुर, ओहन, बहिलपुरवा, बराहमाफी, मारकुण्डी तथा टिकरिया रेलवे स्टेशनों से लगभग 53 गांवों के गट्ठर 198 टन की मात्रा में प्रतिदिन इलाहाबाद, झांसी, सतना, कटनी, बांदा, चित्रकूट, कर्वी की ओर जा रहे है। वर्षभर में में तीन सौ दिन माने तो 60 हजार टन लकड़ी हर वर्ष जंगलों से काटी जा रही है।

जिले के जंगलों में अब कुछ खास नहीं बचा है। पेड़ों में जो भी शाखायें सिर उठाती हैं, उन्हें सिर उठाने से पहले काट दिया जाता है। विडम्बना है कि सारा कारोबार वन विभाग, पुलिस विभाग तथा रेलवे विभाग की नजरों में चल रहा है। रोकथाम को कोई ठोस उपाय नहीं किए जा रहे हैं। जिले में गहराते जल संकट को देखते हुए अब जरूरी है कि जलाऊ लकड़ी के नाम पर हो रहे जंगलों की कटान को सख्ती से रोकने को लोगों को आगे आना होगा।

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में जब भी जंगल के कटान को रोकने की चर्चा उठी, तो इस बात पर अटक गई कि कटान में लिप्त यहां के आदिवासियों के पास रोजी-रोटी का कोई स्थायी उपचार नहीं है। कटान को रोक पाना मुश्किल है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारण्टी योजना लागू होने के बाद ये माना जा रहा था कि अब आदिवासियों को रोजगार मिल जाएगा। कटान पर रोक लग जाएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। रोजगार गारण्टी न तो यहां बेकारी से जूझ रहे आदिवासियों को पर्याप्त रोजी रोटी दे पाई और न ही उन्हें जंगलों के कटान से दूर कर पाई।

# हिमोफिलिया के मरीजों को संक्रमित खून चढ़ाने के पांच दशक पुराने मामले में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने माफी मांगी



**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने देश में 1970 के दशक में हिमोफिलिया मरीजों को संक्रमित खून चढ़ाने के प्रकरण को दबाने का आरोप लगाए जाने के बाद सोमवार को सार्वजनिक माफी मांगी है। सुनक ने यह माफी सरकार को सौंपी गई एक जांच रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) की लापरवाही वाले रवैए के बाद मांगी है।

जांच समिति के अध्यक्ष सर ब्रायन लैंगस्टाफ द्वारा इस मुद्दे पर अपना कड़ा फैसला सुनाए जाने के कुछ घंटों बाद संसद के निचले सदन ह्यहाउस ऑफ कॉमन्सह्ल में सुनक ने कहा कि जांच में उल्लिखित ह्यह्यविफलताओं और इनकार के रवैयेह्लह्ल के बाद यह ब्रिटेन के लिए शर्म का दिन है।

ब्रिटेन में संक्रमित रक्त प्रकरण की जांच में सोमवार को पाया गया कि अधिकारियों और लोक स्वास्थ्य सेवा ने जानकारी होने के बावजूद हजारों मरीजों को संक्रमित रक्त हिमोफिलिया के मरीजों को चढ़ाया गया जिससे वे दूसरी गंभीर बीमारियों से संक्रमित हो गए और इससे उनकी मौत हो गई।

यह माना जाता है कि ब्रिटेन में, 1970 के दशक से लेकर 1990 के दशक के शुरूआती वर्षों तक एचआईवी या हेपटाइटिस से संक्रमित रक्त चढ़ाने से करीब 3,000 लोगों की मौत हुई। इस प्रकरण को 1948 से ब्रिटेन की सरकार संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के इतिहास में सबसे घातक आपदा माना जाता है।

सुनक ने पीड़ितों और उनके परिवारों को संबोधित करते हुए कहा, मुझे यह समझना लगभग असंभव लगता है कि यह कैसा महसूस हुआ होगाङ्क मैं दिल से और स्पष्ट रूप से माफी मांगना चाहता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, मौजूदा और 1970 के दशक की हर सरकार की ओर से, मुझे वास्तव में खेद है। उन्होंने सभी पीड़ितों को मुआवजा देने की पुष्टि की। पूर्व न्यायाधीश लैंगस्टाफ ने आपदा को टालने में नाकाम रहने के लिए तत्कालीन सरकारों और चिकित्सा पेशेवरों की आलोचना की है। उन्होंने पाया कि आपदा को छिपाने के लिए जानबूझकर प्रयास किए गए और सरकारी अधिकारियों द्वारा सबूत नष्ट करने के साक्ष्य हैं। लैंगस्टाफ ने कहा, यह आपदा एक दुर्घटना नहीं थी। संक्रमण इसलिए हुए कि प्राधिकार-चिकित्सक, रक्त सेवा प्रदाता और तत्कालीन सरकारों ने मरीजों की सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी।

प्रभावित हुए ज्यादातर लोग ह्यहिमोफिलियाह्ल से ग्रसित थे। ऐसे मरीजों के रक्त में थक्का नहीं बनता है और उनको अतिरिक्त रक्त की आवश्यकता होती है। 1970 के दशक में मरीजों को नया उपचार दिया गया जिसे ब्रिटेन ने अमेरिका से अपनाया था। कुछ प्लाज्मा, कैदियों सहित ऐसे लोगों का था जिन्हें रक्त के एवज में भुगतान किया गया था।

जांच रिपोर्ट के अनुसार, करीब 1,250 लोग रक्स्राव की समस्याओं से ग्रसित थे जिनमें 380 बच्चे थे। ये लोग एचआईवी संक्रमित चढ़ाने से संक्रमित हुए थे। उनमें से तीन-चौथाई की मौत हो गई, जबकि 5,000 लोग ह्यहेपटाइटिस सीह्ल से ग्रसित हो गए जो एक प्रकार का यकृत संक्रमण है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बीच, संक्रमित रक्त चढ़ाने पर करीब 26,800 अन्य लोग भी ह्यहेपटाइटिस सीह्ल से संक्रमित हुए। करीब 1,500 पीड़ितों का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता डेस कोलिन्स ने रिपोर्ट के प्रकाशन को सच्चाई का दिन करार दिया।

# ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति रईसी के अंतिम दर्शन के लिए तबरेज में उमड़ा जनसैलाब



**तेहरान।** ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के अंतिम दर्शन के लिए आज मुल्क के तबरेज शहर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। उनके पार्थिव देह की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब दिखे। उन्हें गुरुवार दोपहर पवित्र शहर मशहद में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इस हादसे में रईसी समेत नौ लोग हताहत हुए हैं। इनमें ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन भी हैं। ईरान में सोमवार को पांच दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई।


तबरेज शहर में आयोजित शोकसभा में हजारों लोग शामिल हुए। ईरान में शहीदों से संबंधित समारोहों और सेवाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले संगठन ने मशहद में अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी हैं। रईसी की पार्थिव देह तबरेज में सुबह 9:30 बजे शोहदा स्क्वायर से मोसल्ला के लिए रवाना हुई। पूरे रास्ते दोनों तरफ गम में डूबे लोग अपने नेता के अंतिम दर्शन के लिए खामोश खड़े रहे। बुधवार सुबह 7:30 बजे तेहरान में अंतिम प्रार्थना होगी। इसके बाद दफन जुलूस तेहरान विश्वविद्यालय से आजादी स्क्वायर की ओर बढ़ेगा।

अपराह्न में विदेशी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में शहीदों के सम्मान में एक समारोह होगा। गुरुवार को बिरजंद में सुबह 8:00 बजे से दक्षिण आखिरी विदाई समारोह होगा। दोपहर को पवित्र शहर मशहद में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

## नेपाल के सबसे बड़े मीडिया हाउस के मालिक के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट

**काठमांडू।** नेपाल के सबसे बड़े मीडिया हाउस कान्तिपुर ग्रुप के मालिक कैलाश सिरोहिया के खिलाफ धनुषा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। सिरोहिया के खिलाफ दोहरी नागरिकता रखने का आरोप है। पुलिस के अनुसार सिरोहिया ने कान्तिपुर मीडिया कंपनी और अन्य कंपनियों में अलग-अलग नागरिकता नम्बर का इस्तेमाल किया है। धनुषा पुलिस में एक व्यक्ति ने अपना और कैलाश सिरोहिया का नागरिकता नंबर एक होने की शिकायत की, तब यह मामला सामने आया है। धनुषा पुलिस ने इस मामले की जांच करके आज गिरफ्तारी का वारंट जारी किया है। सिरोहिया ने एक हफ्ते पहले ही गृहमंत्री पर गिरफ्तार करने की साजिश रचने का आरोप लगाकर सुप्रीम कोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दी थी, लेकिन अब तक कोर्ट में उस पर सुनवाई नहीं हो पाई है।

## हेलिकॉप्टर हादसे में दिवंगत ईरान के राष्ट्रपति का अंतिम संस्कार मशहद में गुरुवार को



**तेहरान।** हेलिकॉप्टर हादसे में दिवंगत ईरान के राष्ट्रपति का अंतिम संस्कार पवित्र शहर मशहद में गुरुवार को होगा। देश में शहीदों से संबंधित समारोहों और सेवाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले संगठन ने मशहद में इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। संगठन ने जानकारी दी है कि पूर्वी अजरबैजान प्रांत में आज सुबह 9:30 बजे ताब्रीज शहर में शोहदा स्क्वायर से मोसल्ला तक अंतिम संस्कार की प्रथम रस्म समारोह पूर्वक अदा की जाएगी। इसके बाद कोम शहर में हजरत मासूमेह के पवित्र स्थान से जामकरन मस्जिद तक समारोह होगा। अगले चरण में तेहरान में इमाम खुमैनी के मोसल्ला में अंतिम दर्शन किए जाएंगे। अगले दिन बुधवार सुबह 7:30 बजे तेहरान में अंतिम प्रार्थना होगी। इसके बाद दफन जुलूस तेहरान विश्वविद्यालय से आजादी स्क्वायर की ओर बढ़ेगा। अपराह्न में विदेशी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में शहीदों के सम्मान में एक समारोह होगा। गुरुवार को बिरजंद में सुबह 8:00 बजे से दक्षिण आखिरी विदाई समारोह होगा। दोपहर को पवित्र शहर मशहद में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

## श्रीलंका ने ब्रिक्स में शामिल होने की इच्छा जताई, भारत से समर्थन मांगा

**कोलंबो:** श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने सोमवार को ब्रिक्स समूह में शामिल होने के लिए अपने देश की इच्छा व्यक्त की. उन्होंने कहा कि भारत के इसका हिस्सा बनने के बाद यह समूह एक 'अच्छा निकाय' बन गया है. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जब भी भारत औपचारिक रूप से ब्रिक्स समूह में शामिल होने के लिए आवेदन करेगा, श्रीलंका सबसे पहले उससे संपर्क करेगा. हम ब्रिक्स के लिए तत्पर हैं. श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने आगे कहा,'मुझे लगता है कि कैबिनेट ने इस पर विचार करने और हमें सुझाव देने के लिए एक उप-समिति नियुक्त की थी. हम इसे देखना चाहेंगे क्योंकि हम कई विकल्प रखना चाहेंगे. उन्होंने कहा कि कौन नहीं चाहता? इसलिए ब्रिक्स एक अच्छी संस्था है. खासकर इसलिए क्योंकि भारत इसका हिस्सा है. अली साबरी ने कहा कि पहला देश जिसके साथ हम बात करेंगे वह भारत है और ब्रिक्स तक पहुंचने के लिए हम भारत का समर्थन मांगेंगे. फिर बेशक मुझे रूस में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है. इसलिए मुझे उम्मीद है कि मैं वहां जाऊंगा और फिर हम इसका आकलन करेंगे. मुझे लगता है कि अभी व्यक्तिगत रूप से अगर आप मुझसे पूछें, तो मुझे लगता है कि हमें ब्रिक्स को गंभीरता से देखना चाहिए.

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# नेतन्याहू के साथ इजराइल और हमास नेताओं के गिरफ्तारी वारंट जारी किया जाए

**हेग।** इजराइल पर हमास के हमले के बाद जवाबी कार्रवाई में हजारों लोगों की मौत और नरसंहार मामले में अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी) ने बड़ा कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री नेतन्याहू समेत इजराइली और हमास नेताओं के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध करने पर गिरफ्तारी वारंट जारी करने को कहा है।




यह मांग आईसीसी के मुख्य अभियोजक करीम खान ने सोमवार को पिछले सात महीने के युद्ध के दौरान इन नेताओं के कृत्यों के संबंध में गिरफ्तारी वारंट का अनुरोध किया है।

करीम खान ने कहा कि उनका मानना है कि नेतन्याहू, उनके रक्षा मंत्री योव गैलेंट और हमास के तीन नेताझ्येह्या सिनवार, मोहम्मद दीफ और इस्माइल हनियेह-गाजा पट्टी एवं इजराइल में युद्ध अपराधों और मानवता के खिलाफ अपराधों के लिए जिम्मेदार हैं। खान ने इजराइली कार्रवाइयों के बारे में एक बयान में कहा कि गाजा की नागरिक आबादी के खिलाफ अन्य हमलों और सामूहिक दंड के साथ ही युद्ध की एकविधि के रूप में भुखमरी का इस्तेमाल करने का असर साफ तौर पर नजर आता है। उन्होंने कहा कि इनमें कुपोषण, निर्जलीकरण, गहन पीड़ा और शिशुओं, अन्य बच्चों और महिलाओं सहित फलस्तीनी आबादी में हुई मौतें भी शामिल हैं। खान ने सात अक्टूबर की हमास की कार्रवाइयों के बारे में कहा कि उन्होंने आज दायर आवेदनों में लगाए आरोपों में उल्लेखित इन हमलों के विनाशकारी दृश्य और अपराधों के गहरे प्रभाव को स्वयं देखा है। उन्होंने आगे कहा कि जिंदा बचे लोगों के साथ बातचीत में, मैंने सुना कि कैसे एक परिवार के भीतर, एक माता पिता और उनके बच्चे के बीच प्रेम का रिश्ता युद्ध की भेंट चढ़ गया। ये कार्रवाई जवाबदेही की मांग करती है।

# व्हाइट हाउस ने राष्ट्रपति बाइडेन के 'जेनोफोबिक' बयान का किया बचाव, बताया 'व्यापक टिप्पणी'

**नई दिल्ली:** व्हाइट हाउस ने राष्ट्रपति जो बाइडेन की भारत, जापान, रूस और चीन को 'जेनोफोबिक' राष्ट्र कहने वाली टिप्पणी का बचाव किया है, जिसमें अमेरिका को अप्रवासियों का स्वागत करने वाले देश के रूप में उजागर किया गया है. व्हाइट हाउस ने राष्ट्रपति जो बाइडेन की अपने दो क्वाड साझेदारों को बुलाने वाली टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा है, 'संयुक्त राज्य अमेरिका अप्रवासियों का देश है. भारत और जापान के साथ-साथ रूस और चीन 'जेनोफोबिक' राष्ट्र, यह देखते हुए कि अमेरिका के विपरीत इनमें से कोई भी देश अप्रवासियों का स्वागत नहीं करता है'.



राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा की गई टिप्पणियों के संबंध में एक सवाल के जवाब में, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रपति एक व्यापक बिंदु रख रहे थे. जीन-पियरे ने अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, 'वह एक व्यापक बात कह रहे थे. हमारे सहयोगी और साझेदार यह अच्छी तरह से जानते हैं कि यह राष्ट्रपति उनका कितना सम्मान करते हैं. जैसा कि आप जानते हैं, जापान के संबंध में, वे सिर्फ राजकीय यात्रा के लिए यहां आए थे. अमेरिका-जापान संबंध एक महत्वपूर्ण संबंध है. यह एक गहरा, स्थायी गठबंधन है'.

उन्होंने कहा, 'वह (बाइडेन) अधिक व्यापक टिप्पणी कर रहे थे. वह बोल रहे थे कि अप्रवासियों का देश होना कितना महत्वपूर्ण है और यह हमारे देश को कैसे मजबूत बनाता है. यह हमारे सहयोगियों के साथ हमारे संबंधों से संबंधित है, जो जारी है. भारत और जापान के साथ हमारे मजबूत संबंध हैं.

यदि आप पिछले तीन वर्षों को देखें, तो निश्चित रूप से राष्ट्रपति ने, उनसे राजनयिक संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया है.

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव ने स्पष्ट रूप से राष्ट्रपति बाइडेन का बचाव करते हुए कहा, 'वह इस बारे में बात कर रहे थे कि एक देश के रूप में हम कौन हैं. वह अप्रवासियों के देश में होने के महत्व के बारे में बात कर रहे थे, खासकर जब आप उन हमलों को देखते हैं जो हमने हाल ही में देखे हैं. पिछले कुछ वर्षों में, विशेष रूप से अप्रवासियों पर हमले'. जीन-पियरे ने कहा, 'राष्ट्रपति अमेरिकी लोगों के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलने में हमेशा स्पष्ट रहते हैं'. उन्होंने कहा, 'हमारे लिए यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि हम अप्रवासियों का देश हैं. मैं समझा रही हूं कि वह किस बारे में बात कर रहे थे और उन टिप्पणियों में वह किस पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे. अप्रवासियों का देश हमें मजबूत बनाता है. इसके बारे में बहुत स्पष्ट होना महत्वपूर्ण है'.

डेमोक्रेटिक पार्टी के फंडरेजर में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए, बाइडेन ने कहा, 'यह चुनाव स्वतंत्रता, अमेरिका और लोकतंत्र के बारे में है. इसलिए मुझे आपकी सख्त जरूरत है. आप जानते हैं, हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ने का एक कारण आपकी वजह से है और कई अन्य.. क्यों? क्योंकि हम अप्रवासियों का स्वागत करते हैं. हम कारण देखते हैं - देखते हैं, इसके बारे में सोचते हैं. चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रुक रहा है? जापान को परेशानी क्यों हो रही है? रूस को क्यों परेशानी हो रही है? भारत को क्यों परेशानी हो रही है? क्योंकि वे जेनोफोबिक हैं. वे आप्रवासियों को नहीं चाहते हैं'.

यह ध्यान रखना उचित है कि भारत और जापान क्वाडा चार सदस्यीय रणनीतिक सुरक्षा वार्ता के सदस्य हैं, जिसमें अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं. इसके अलावा, बाइडेन ने पिछले साल राजकीय यात्रा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मेजबानी की, जबकि जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने आधिकारिक यात्रा के लिए अप्रैल में व्हाइट हाउस का दौरा किया. बाइडेन अपनी आव्रजन नीतियों को लेकर अपने विरोधियों और रिपब्लिकन पार्टी के निशाने पर रहे हैं, क्योंकि हर महीने सैकड़ों और हजारों अवैध अप्रवासी संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करते हैं. 5 नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव में आप्रवासन चर्चा का विषय है, जिसमें राष्ट्रपति बाइडेन का मुकाबला रिपब्लिकन पार्टी के संभावित उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से होगा।

## नेपाल में कान्तिपुर मीडिया ग्रुप के मालिक गिरफ्तार, दोहरी नागरिकता रखने का आरोप

**काठमांडू।** दो नागरिकता नंबर रखने के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को नेपाल के सबसे बड़े मीडिया हाउस कान्तिपुर ग्रुप के मालिक कैलाश सिरोहिया को गिरफ्तार कर लिया है। सिरोहिया को गिरफ्तार करने के लिए काठमांडू क्राइम ब्रांच के एसएसपी सानुबाबु भट्टराई खुद उनके दफ्तर पहुंचे थे। गिरफ्तारी का वारंट दिखाने के बाद भी सिरोहिया पुलिस के साथ जाने में करीब एक घंटे तक आनाकानी करते रहे, लेकिन पुलिस जबरन उनके दफ्तर से गिरफ्तार करके अपने साथ ले गई।

कान्तिपुर मीडिया के मालिक सिरोहिया के खिलाफ आज दोपहर को ही गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया था। इस के बाद आज शाम करीब साढ़े छह बजे पुलिस ने सिरोहिया को उनके दफ्तर से गिरफ्तार कर लिया है। अपनी गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कान्तिपुर मीडिया ग्रुप के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डाइरेक्टर कैलाश सिरोहिया ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी लोकतंत्र पर प्रहार है। मीडिया हाउस में सैकड़ों पुलिस वालों का घेराबंदी करके एक बड़े अपराधी की तरह उन्हें गिरफ्तार करना स्वतंत्र प्रेस पर हमला है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री रवि लामिछाने ने अपने खिलाफ खबर प्रकाशित करने के कारण यह गिरफ्तारी करवाई है।

## जूलियन असांजे को अमेरिका प्रत्यर्पित करने के खिलाफ ब्रिटेन की अदालत ने अपील की अनुमति दी

**लंदन।** ब्रिटेन की एक अदालत ने सोमवार को कहा कि विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे जासूसी के आरोप में उन्हें अमेरिका प्रत्यर्पित करने के आदेश के खिलाफ अपील कर सकते हैं। उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों ने कहा कि असांजे के पास ब्रिटेन सरकार के प्रत्यर्पण आदेश को चुनौती देने का आधार है। उच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद असांजे के लिए अपील करने का रास्ता साफ हो गया है, जिसके बाद अब यह कानूनी लड़ाई वर्षों तक खिंच सकती है। असांजे पर जासूसी के 17 आरोप और लगभग 15 साल पहले उनकी वेबसाइट पर अमेरिकी दस्तावेजों के प्रकाशन को लेकर कंप्यूटर के दुरुपयोग का एक आरोप है। ऑस्ट्रेलियाई मूल के असांजे ने सात साल तक लंदन में इक्वाडोर के दूतावास में शरण लेने के बाद पिछले पांच साल ब्रिटेन की जेल में बिताए हैं। अमेरिकी अधिकारी चाहते हैं कि असांजे को विकिलीक्स पर हजारों गोपनीय दस्तावेजों को प्रकाशित करके कथित तौर पर लोगों का जीवन खतरे में डालने के लिए मुकदमे का सामना करना पड़े जबकि बचाव पक्ष के वकीलों ने दलील दी है कि असांजे के खिलाफ मामला राजनीति से प्रेरित है।

## अमेरिका ने यूक्रेन को हथियार भेजते रहने की प्रतिबद्धता जताई

**वाशिंगटन।** रूस के हमलों से जूझ रहे यूक्रेन को अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने पूर्वी यूरोपीय देश को अमेरिकी हथियार भेजते रहने की सोमवार को प्रतिबद्धता जताई। ऑस्टिन और यूरोप तथा दुनियाभर के लगभग 50 रक्षा मंत्री यूक्रेन को अधिक सैन्य सहायता भेजने संबंधी कार्य में समन्वय के लिए सोमवार को बैठक कर रहे हैं। यूक्रेन रूस के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप पर अपना बड़ा हमला शुरू करते हुए उत्तर-पूर्व में रूसी हमले को रोकने की कोशिश कर रहा है।

अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा कि हम चुनौती के क्षण में मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के खारकीव शहर पर रूस द्वारा नए सिरे से किए गए हमले से पता चलता है कि यूक्रेन को हथियार भेजते रहना क्यों आवश्यक है।

## तुर्की में 20 इस्लामिक स्टेट के संदिग्धों को हिरासत में लिया गया

**इस्तांबुल:** तुर्की पुलिस ने सोमवार को तुर्की के पश्चिमी प्रांत इजमिर में एक बड़े ऑपरेशन में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के 20 संदिग्ध सदस्यों को हिरासत में लिया. स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी.समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सरकारी टीआरटी ब्रॉडकास्टर के हवाले से बताया कि इजमिर लोक अभियोजक के कार्यालय ने आतंकवाद अपराध जांच ब्यूरो की मदद से मेनेमेन जिले में एक साथ कई ऑपरेशन किए. टीआरटी ने कहा कि पुलिस इकाइयों ने पतों पर तलाशी के दौरान हथियार, संगठनात्मक दस्तावेज और कई डिजिटल सामग्री जब्त की और संदिग्धों को आगे की कार्रवाई के लिए अदालत ले जाया गया.तुर्की सरकार ने 2013 में आईएस को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया था. तुर्की को चरमपंथी समूह के कई हमलों का सामना करना पड़ा है. जवाब में तुर्की के अधिकारियों ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद-रोधी अभियान शुरू किए हैं. बता दें कि, कुछ महीने पहले तुर्की के अधिकारियों ने छापेमारी करते हुए इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के 40 संदिग्ध आतंकियों को हिरासत में लिया था. तुर्की के आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने बताया था कि 8 प्रान्तों से इन लोगों को पकड़ा गया है. उन्होंने ये भी बताया था कि तुर्की के सुरक्षा अधिकारियों ने इस साल 1 जून, 2023 से 23 मार्च के बीच 1 हजार 316 आईएसआईएस विरोधी अभियान चलाए. इन अभियानों में कुल 2,733 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।